राज्यपाल ने देवघर के मोहनपुर प्रखंड में नया चितकाठ पंचायत भवन जनसमूह को किया संबोधित, कहा

# यह भूमि तपोभूमि है, यहां शांति की अनुभूति हो रही है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड में नया चितकाठ पंचायत भवन प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमि तपोभूमि है और उन्हें यहां शांति की अनुभूति हो रही है। निश्‍ि‍त रूप से यह प्रदेश, देश में ही नहीं वरन विदेश में भी अपनी पहचान बनाएगा। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी लोग प्रगति करें और सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश में अपने गृह जिले के एक पंचायत भवन में जाने का अवसर मिला। उस सर्व सुविधा युक्त पंचायत भवन में वातानुकूलन की भी व्यवस्था थी। यह दशार्ता है कि पंचायत स्तर तक विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है और सरकार की योजना से नीचे के पायदान पर अवस्थित लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं।

**अब लाभुक को सीधे खाते में मिल रहे हैं पैसे :** उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकार के द्वारा भेजी जाने वाली राशि कुछ प्रतिशत ही लाभान्वित तक पहुंचता था। लेकिन अब लाभान्वितों के खाते में सीधे राशि उपलब्ध कराकर उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और विकास की इस अवधारणा को देखकर दुनिया भी चकित है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील है। माँ-बहनों के जीवन को सुगम करने के लिए सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया और जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा क्रमशः लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के बहनों ने काफी प्रगति की है। पिछले दिनों उन्हें स्वयं सहायता समूह द्वारा कटहल का प्रोसेसिंग कर विभिन्न उत्पाद देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

**यहां लड़कियों के लिए एक अलग हाई स्कूल दें :** राज्यपाल को वहां उपस्थित ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से अवगत कराया। जेएसएलपीएस की रानी देवी ने कहा कि उन्हें अच्छे ट्रेनिंग देने की व्यवस्था प्रदान की जाये। ग्रामीणों ने कहा कि इस पंचायत में 8 विद्यालय हैं, लेकिन शिक्षकों की कमी है। यहां पर लड़कियों के लिए एक अलग हाई स्कूल की आवश्यकता है। कई चापाकल बेकार पड़े हुए हैं। कुछ सड़कों पर बरसात का पानी जमा हो जाता है। रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर के एक छात्र ने परीक्षा से संबंधित परेशानी बताई। राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस समस्या के निदान हेतु उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपनी समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के साथ-साथ प्रशासन को भी अवगत कराएं।



## बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे गवर्नर, किया पूजा

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को देवघर पहुंचे। वहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौराना उन्होंने समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

संवाद के दौरान राज्यपाल को ग्रामीणों ने बताया

## स्कूल में शिक्षक की कमी है बच्चों की पढ़ाई हो रही है बाधित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के डांडे पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानना चाहते हैं, ताकि उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। साथ ही यह भी जानना चाहते हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को किस हद तक मिला है एवं उसमें सुधार की क्या संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्धता की दिशा में हो रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने अस्पताल में प्राप्त सुविधाएं एवं चिकित्सकों के कमी के संबंध में बताया। ग्रामीणों द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों के कमी से पढ़ाई में हो रहे उत्पन्न बाधा से भी राज्यपाल को अवगत कराया।

**पेशन योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं ? :** राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य आवास योजना के तहत पंचायत में लाभूकों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत में अधिकांश लोगों का आवास निर्मित हो चुका है एवं बचे हुए लोगों का आवास निर्माण के लिए भी कार्रवाई चल रही है। उन्होंने पेंशन से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों से पूछा कि इस योजना से लाभ हो रहा है अथवा नहीं। स्वयं सहायता समूह के बहनों के उनके आय के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वयं सहायता समूह के बहनों ने बताया कि सरकार के इस योजना से जुड़कर 7 से 10 हजार प्रतिमाह का आय प्राप्त हो रहा है एवं आय में वृद्धि के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। मौके पर राज्यपाल द्वारा सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत परिसंपतियों का वितरण भी किया।

वहां उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया। मौके पर राज्यपाल ने जेएसएलपीएस के तहत चक्रीय निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई किशोरी समृद्धी योजना के लाभूकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

# आज से फिर शुरू होगी उत्पाद सिपाही बहाली दौड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 14 अभ्यर्थियों की मौत के बाद मंगलवार से उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ दोबारा शुरू होगी। पलामू के चियांकी हवाई अड्डा स्थित केंद्र पर अब शेष शारीरिक दक्षता परीक्षा नहीं होगी। केंद्र के शेष अभ्यर्थियों, जिनकी परीक्षा तीन से नौ सितंबर 2024 तक होनी थी, वह अब बाकी के छह चयन पर्षद के केंद्रों पर ली जायेगी। परीक्षा 19-20 सितंबर तक होगी, क्योंकि 14 से 17 सितंबर तक अवकाश है।

**शारीरिक जांच प्रक्रिया की समीक्षा के बाद लिया गया निर्णय :** पांच सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उत्पाद सिपाही शारीरिक जांच प्रक्रिया की समीक्षा के बाद फिर से इसे शुरू किया जा रहा है। उक्त छह केंद्रों पर जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन सितंबर से होनी थी, अब वह प्रतिदिन तीन-तीन हजार की दर से 10 से 11 सितंबर को होगी। जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा चार सितंबर को होनी थी, अब वह 12 से 13 सितंबर तक होगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में एक केंद्र पर 6000 अभ्यर्थी एक साथ भाग लेते थे। लेकिन अब 3000 अभ्यर्थियों को ही शामिल किया जायेगा। वहीं अभ्यर्थियों को सुबह 7:00 बजे के पहले अपने केंद्रों पर रिपोर्टिंग करनी होगी, ताकि पंजीयन आदि कर शारीरिक जांच परीक्षा सुबह 9:00 बजे या इसे पहले संपन्न करा लिया जायेगा।

### इन छह चयन पर्षद केंद्रों पर 10 सितंबर से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

- रांची (स्मार्ट सीटी क्षेत्र, धुर्वा)
- रांची (झारखंड जगुआर, टेंडरग्राम, रांची)
- गिरिडीह (पुलिस केंद्र, गिरिडीह)
- हजारीबाग (जेएपीटीसी, पदमा)
- जमशेदपुर (सीटीसी मुसाबनी)
- साहिबगंज (जैप-9)

## खबर एक नजर में

### जल संसाधन विभाग में जूनियर कलिग के प्रमोशन डेट से जेई बनेंगे सहायक अभियंता

**रांची।** जल संसाधन विभाग में कनिष्ठ को जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट इंजीनियर पद पर प्रमोशन दिए जाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि प्रार्थियों को भी उसी तिथि से प्रोन्नति दिया जाए जिस तिथि से प्रार्थी के कनिष्ठ को प्रमोशन दिया गया था। कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी। मामले को लेकर अनिल कुमार, जयराम एवं विद्या भार्गव की ओर से अलग-अलग रिट याचिका हाई कोर्ट में दाखिल की गई थी। उनकी ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था उनकी पोस्टिंग झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग में 22 मई 2013 को जूनियर इंजीनियर के पद पर हुई थी। लेकिन सरकार की ओर से करीब 50 से अधिक उनसे कनिष्ठ को 30 दिसंबर 2023 से जूनियर इंजीनियर से असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दिया गया। लेकिन उन्हें प्रोन्नति नहीं मिली है। उनकी ओर से प्रोन्नति दिलाने का आग्रह कोर्ट से किया गया था।



### जेपीएससी अध्यक्ष का पद 22 अगस्त से खाली हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- कब होगी नियुक्ति

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि जेपीएससी में कब तक अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी? कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अबकब तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। ना ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 21 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेप्ता अपने पद से रिटायर हो गईं। नीलिमा केरकेप्ता को 2022 में जेपीएससी की कमान सौंपी गई थी। 22 अगस्त से जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है।

### जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो ने आजसू पर साधा निशाना, बोले-बीजेपी से मांग रही और ज्यादा सीट

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्‌आचार्य ने आजसू पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में एक पार्टी केवल दो सीटों पर सिमट गई थी क्योंकि गठबंधन के सहयोगी ने उनका साथ छोड़ दिया था। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि आजसू बीजेपी से सीटें मांग रही है और यह बीजेपी के एक नेता ने बताया है। उन्होंने कहा कि आजसू ने 8 सितंबर को युवा वर्ग को मूल मुद्दों से भटकाने के लिए एक सभा का आयोजन किया, जिसमें देश की विकास दर और रोजगार जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ये मुद्दे वर्तमान स्थिति से संबंधित नहीं हैं। पार्टी के चुनाव प्रभारी असम के मुख्यमंत्री जो झारखंड में सक्रिय हैं इस बात का प्रमाण हैं कि आजसू को खुद पर भरोसा नहीं है।

उन्होंने बीजेपी और आजसू से सवाल किया कि वे हेमंत सोरेन की सरकार से इतना क्यों डरते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हेमंत सरकार ने समाज के हर तबके के लिए योजनाएं शुरू की हैं, जो आजसू और बीजेपी को परेशानी में डाल रही हैं। सुप्रियो भप्ताचार्य ने बीजेपी और आजसू को राजनीतिक परजीवी करार देते हुए आरोप लगाया कि ये दल चुनाव लड़ने और राजनीति करने के लिए दूसरों के सहारे रहना चाहते हैं।

### लंबे समय बाद झारखंड में जेपीएससी आयोजित करेगा जेट परीक्षा

**रांची।** लंबे समय बाद राज्य में झारखंड पात्रता परीक्षा आयोजित की जायेगी। करीब 17 वर्षों बाद हो रहे शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग जल्द ही विज्ञापन जारी करने जा रहा है। इसके माध्यम से झारखंड के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जायेगी। इससे पहले 2006-07 में जेट आयोजित हुआ था जो काफी विवादों में रहा, जिसकी सीबीआई जांच अभी भी जारी है। बताते चलें कि पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत अब यह परीक्षा कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट के बजाये अब ओएमआर शीट पर ली जायेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यानी नेट की तर्ज पर ही झारखंड पात्रता परीक्षा में भी उम्र सीमा को समाप्त कर दिया गया है। हालांकि न्यूनतम उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। जानकारी के मुताबिक जेट में कुल 43 विषय को शामिल किया गया है। इधर कैबिनेट से पास होने के बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग जल्द ही जेपीएससी को अधिसूचना जारी कर परीक्षा आयोजित करने की अनुशंसा करने जा रहा है।

**विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में भरी जाएंगी रिक्तियां :** राज्य के सरकारी विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में बड़े पैमाने पर रिक्तियां हैं। जेट आयोजित नहीं होने की वजह से राज्य के विश्वविद्यालय में 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति पर ग्रहण लगा हुआ है। इससे पहले जेट परीक्षा लेने की जिम्मेदारी एनटीए को दी गई थी मगर उसके द्वारा इनकार कर दिए जाने के बाद जेपीएससी नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने की तैयारी में जुट गई है।

## कांग्रेस और झामुमो के कई विधायक संपर्क में : हिमंता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** असम के सीएम सह भाजपा के चुनाव सह प्रभारी सोमवार को रांची पहुंचते ही राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैला दी। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरे संपर्क में हमेशा कांग्रेस के 12 से 14 और झामुमो के दो से तीन विधायक संपर्क में रहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को ले लेंगे तो पार्टी के लोग ही नाराज हो जायेंगे। पार्टी के कार्यकताओं का सम्मान जरूरी है। हेमंत सोरेन के बयान कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है, के जवाब में हिमंता ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन दीघार्यु हों, देश को उनकी जरूरत है। हिमंता ने कहा कि भाजपा सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने को कह रही है। घुसपैठ का मुद्दा इसलिये उठा रहे हैं कि पाकुड़ में पहले हिंदु विधायक चुनकर आते थे, अब मुस्लिम विधायक बनते हैं। पाकुड़ डीसी से भी बदलती डेमोग्राफी के बारे में पूछा गया है। भाजपा उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले युवाओं के परिजन के लिये सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग कर रही है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा लगाये गये आरोप पर कहा कि वीडियो कॉल पर बंधु तिर्की से कभी बात नहीं हुई। उनकी बेटी मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एयरपोर्ट पर मिली थी। तब हाय हैलो हुआ था। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा का रांची एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद दीपक प्रकाश सहित कई नेताओं से उनका स्वागत किया। यहां से भाजपा मुख्यालय पहुंच कर पार्टी नेताओं संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद ओरमांझी स्थित सांसद आदित्य साहू के घर पर जलपान किया।

जनमत का घोषणापत्र जारी

### झारखंड में सुशासन और पांच सालों में पांच सीएम देने की गारंटी

**रांची।** दस राजनीतिक दलों के गठबंधन झारखंड नवनिर्माण महासभा तीसरा विकल्प (जनमत) की ओर से सोमवार को झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के संबंध में घोषणा पत्र जारी किया गया। प्रेस क्लब, रांची में संयोजक सूर्य सिंह बेसरा ने इसे जारी करते हुए बताया कि जनमत राज्य में सुशासन लाएगा। इसके लिए विधि का शासन स्थापित होगा। आत्मनिर्भर गांव और हमारे गांवों में स्वराज लाने का प्रयास होगा। बिकाऊ विधायकों पर अंकुश लगेगा। जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार, खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति और आरक्षण नीति का निर्धारण होगा। पांच वर्ष में पांच मुख्यमंत्री होंगे तथा इसके जरिए सत्ता का विकेन्द्रीकरण होगा। प्राकृतिक संसाधनों जल, जंगल और जमीन का अधिकार लोगों को मिलेगा। मातृभाषा और राज्य भाषा की मान्यता, युवाओं को रोजगार की गारंटी व विशेष बजट, अनुबंधकर्मी (पारा शिक्षक, सहिया, सेविका आदि) का स्थायीकरण व झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान व 30 हजार पेंशन के अलावा मीडिया बंधुओं को 5 हजार पेंशन व रोजगार की गारंटी भी घोषणा पत्र में शामिल है।

## सुनील तिवारी को यौन उत्पीड़न मामले में हाईकोर्ट से राहत

अब अलग-अलग याचिकाओं पर 30 को सुनवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और गवाहों को धमकाने के मामले को लेकर दायर अलग-अलग याचिकाओं पर हाईकोर्ट में अब 30 सितंबर को सुनवाई होगी। इन मामलों में जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को सरकार ने हाईकोर्ट से चार सप्ताह का समय मांगा, लेकिन कोर्ट ने दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने सुनील तिवारी के खिलाफ आरोप गठन पर रोक जारी रखा और गवाहों को धमकाने के मामले में तिवारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश भी जारी रखा है। सुनील तिवारी के खिलाफ दुष्कर्म एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर खूंटी की एक लड़की ने अरगोड़ा थाना में अगस्त 2021 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने रांची की अदालत में केस वापसी के लिए याचिका दाखिल की है, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने आरोप की सत्यता को समझे बिना कुछ गलतफहमी के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई है, वह इस मामले में आगे नहीं बढ़ना चाहती है।

**2021 में दर्ज हुआ था शारीरिक शोषण का केस :** बता दें कि पूरा मामला खूंटी जिले की एक लड़की से जुड़ा है, जिसने साल 2021 में सुनील तिवारी के खिलाफ शारीरिक शोषण का मामला दर्ज कराया था। खूंटी की पीड़िता ने अपनी एफआईआर में लिखा है कि सुनील तिवारी द्वारा उसका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया गया, जिसके बाद उसने रांची के अरगोड़ा थाने में सुनील तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामले में सुनील तिवारी को गिरफ्तार किया गया था, वह फिलहाल जमानत पर हैं। दूसरी ओर, सुनील तिवारी और पुलिस जवान सचिन पाठक के खिलाफ पीड़िता ने गवाहों को धमकाने का आरोप लगाया है। इसे लेकर अरगोड़ा थाना में सुनील तिवारी और झारखंड पुलिस के जवान सचिन पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### सुनील तिवारी की याचिका पर चार सप्ताह में निर्णय लें : सुप्रीम कोर्ट



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील तिवारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश झारखंड हाईकोर्ट को दिया है। हाईकोर्ट ने सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में आरोप तय करने के मामले पर 31 जुलाई को रोक लगा दी थी।

इसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले की जांच पूरी कर पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। इस पर ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। सुनील तिवारी ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को आरोप गठन पर रोक लगा दी थी।

# मेरे खिलाफ दायर की गई प्राथमिकी झूठ का पुलिंदाः सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सरयू राय ने अरगोड़ा थाना में दायर की गयी प्राथमिकी को झूठ का पुलिंदा बताया है। कहा है कि यह अर्धसत्य पर आधारित है। इसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। यह प्राथमिकी खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की शह पर दायर की गई है। इस प्राथमिकी का उपयोग खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार प्रचार सामग्री के रूप में कर रहे हैं। जो बातें प्राथमिकी में कही गई हैं, वहीं बातें पूर्व मेरे कई बार, कम से कम पांच बार विभिन्न फोरमों पर कही जा चुकी है। वास्तव में यह विचलित मस्तिष्कों की फोरम हंटिंग है।

**आहार पत्रिका के प्रकाशक एवं मुद्रक का चयन निविदा के आधार पर हुआ :** राय ने कहा कि आहार पत्रिका के प्रकाशक एवं मुद्रक का चयन निविदा के आधार पर हुआ। इसी दर पर उसको भुगतान भी किया गया। मुद्रक को आहार पत्रिका निर्धारित संख्या में सभी जिला के जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना था, जिसे जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा राशन दुकानों तक पंहुचाना था। खाद्य निदेशक ने सभी जिलों से विवरण मांगा और सभी जिलों ने कहा कि उन्हें निर्धारित संख्या में आहार पत्रिका की प्रतियां प्राप्त हई हैं। यह विवरण संचिका में उपलब्ध है, लेकिन खाद्य आपूर्ति मंत्री को इसमें घोटाला नजर आ रहा है। वे मंत्री है, उनके पास सारे तथ्य उपलब्ध है। वे मेरे द्वारा मुहैया कराये जा रहे तथ्यों का वस्तुपरक खंडन कर दें। मेरे ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराकर बन्ना गुप्ता इसे दुष्प्रचार का माध्यम बना रहे हैं। प्राथमिकी में दर्ज विवरण झूठ का पुलिन्दा है। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर आधा-अधूरा प्रस्तुत किया गया है।

**मैं चुनौती देता हूं कि संचिका सार्वजनिक करें :** सरयू राय ने कहा कि मेरी चुनौती है कि यदि मेरे ऊपर कोई आरोप सही है तो वे स्वयं सामने आकर संबंधित संचिका को सार्वजनिक करें। मेरे ऊपर वार करने के लिए किसी शिखंडी का इस्तेमाल नहीं करें। मैंने उनके ऊपर स्वास्थ्य विभाग में कई घोटालों का आरोप लगाया है। पर्याप्त सबूत देने के बावजूद मुख्यमंत्री इस पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की संचिका से सबूतों को निकालने के लिए मेरे ऊपर पहले ही प्राथमिकी दर्ज कराया है। वे इसका खंडन नहीं कर रहे हैं कि मैंने जो दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग की संचिका से निकालकर सार्वजनिक किया है, वे गलत हैं। परन्तु उनको एतराज इस बात पर है कि मैंने उसे कैसे प्राप्त किया और उन्होंने इसके लिए मेरे ऊपर मुकदमा दायर कर दिया। यानी स्वास्थ्य विभाग में घोटाला करना जायज है और उस घोटाला का पदार्फाश करना नाजायज है। इसी तरह दवा खरीद घोटाला में भी मैंने पर्याप्त सबूत दिया है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मैं श्री बन्ना गुप्ता को चुनौती देता हूं कि मैंने जो भी आरोप उन पर लगाये हैं, उन आरोपों को वे गलत साबित करें.आहार पत्रिका के संबंध में संबंधित संचिका में जो तथ्य है, वे निम्नवत हैं। बन्ना गुप्ता इन्हें गलत ठहराने की हिम्मत दिखायें।

### मनोज सिंह ने जेल यात्राएं भी की हैं

प्राथमिकी दायर करने वाले मनोज सिंह का आचरण रांची में सर्वविदित है। इन्होंने आपराधिक कृत्य में जेल यात्राएं भी की है। इनका संबंध रांची के एक बड़े आपराधिक गिरोह से रहा है। ये फिलहाल कांगेस के लिए काम कर रहे हैं। बन्ना गुप्ता ने संचिका में मेरे ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश विभागीय सचिव को दिया, जिसे सचिव ने स्वीकार नहीं किया और मामले पर कानूनी राय जानने के लिए विधि विभाग को भेज दिया। वे इस प्राथमिकी को दुष्प्रचार का साधन बना रहे हैं।

### एक्स पर हुए विवाद बनी मूंछ की लड़ाई

**रांची।** इधर, मनोज सिंह ने सरयू राय के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेंस के जरिये उनके पास रखे गये संचिका के आधार पर निविदा संबंधी बातें रखी गईं। मनोज सिंह का कहना है कि सरयू राय ने यह काम मंत्री रहते हुए गलत तरीके से किया था। बस इसी को आधार मानते हुए उनके एक्स पर इसका जबाब मांगा तो उनके माध्यम से उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। धमकी के बाद ही उसने अरगोड़ा थाने में सरयू राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया। मनोज सिंह ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी उन पर दबाब दिया जा रहा है। उन्हें अलग- अलग फोन के माध्यम से हड़काया जा रहा है। सरयू राय ने जो आपराधिक चरित्र का बताया, वो कोसों दूर हैं। अपनी पत्नी की कैंसर से मौत के बाद उन्होंने केवल अपने बच्चों की परवरिश में जुट गये। मंत्री बन्ना गुप्ता का इस मामले में कोई लेना देना नहीं है। इस प्रकरण में उनका नाम जोड़ कर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन और सरकार चाहे तो उनका फोन कॉल रिकॉर्ड खंगाल सकता है। वहीं, मनोज सिंह और सरयू राय के बीच उभरे विवाद को लोग मूंछ की लड़ाई मान रहे हैं, कुछ और नहीं।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
10.09.2024
नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 62 | 12




कैंसर की दवा पर जीएसटी की दर में कटौती






## न्यूज डायरी

### जनता के प्रति जवाबदेह बने सरकार : राज्यपाल

**देवघर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां कहा कि झारखंड देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बनायेगा, लेकिन यह तभी संभव है जब सभी लोग प्रगति करें और सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार को हर हाल में जनता के प्रति जवाबदेह बनना होगा।

### एमपॉक्स पर राज्यों को एडवाइजरी जारी

**नयी दिल्ली।** देश में एमपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज मिलने के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गयी है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को चिट्ठी लिख कर एडवाइजरी जारी की। राज्यों को सतर्कता बरतने के साथ एमपॉक्स के संदिग्ध मरीजों की जांच करने और उनके संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डब्लयूएचओ ने एमपॉक्स को चिंता का विषय घोषित किया है। इसलिए कड़ी निगरानी और इससे निपटने के उपाय किए जाने चाहिए।

गिरिडीह में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने कहा

# 5 लाख दलित स्कूल खोलेंगे, बेटियों की पढ़ाई का खर्च सरकार का जिम्मा

**बेटियों की शिक्षा पर जोर**

**विगत 25 दिनों में 50 लाख माता-बहनों के खाते में मंइयां सम्मान योजना की राशि भेजी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने विगत 25 दिनों में ही राज्य की 50 लाख माता-बहनों के खाते में मंइयां सम्मान योजना के तहत पहली किश्त की राशि भेजी। इसमें राज्य भर में सर्वाधिक चार लाख माता-बहन, बेटियां गिरिडीह जिले की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। यह लगातार चलने वाली योजना है। श्री सोरेन सोमवार को गिरिडीह में गांडेय प्रखंड अंतर्गत कैलुडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनायीं। साथ ही भाजपा पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने राज्य के अधिकतर पात्र लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा। सिर्फ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिलती थी, लेकिन अब उनकी सरकार ने ऐसा प्रावधान किया कि अब गांव के सभी वृद्धजन, दिव्यांग और विधवा माता-बहनों को पेंशन मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 5 लाख दलित स्कूल खोलने का लक्ष्य तय किया है। सभी सरकारी छात्रावासों में रहकर पढ़ने वालों को मुफ्त भोजन दिया जायेगा। सीएम ने गरीबों, पिछड़े, दलितों और आदिवसियों का आह्वान किया कि अपने बच्चों को संजीदा होकर पढ़ाएं। बेटियों की पढ़ाई का खर्च हेमंत सरकार का जिम्मा है।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, कल्पना सोरेन, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, गिरिडीह एवं धनबाद के डीसी, एसएसपी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य मौजूद थे।

**समाज को बांट रही भाजपा :** ग्रामीण, सरकारी जमीन का पट्टा हासिल कर उसपर पेड़ लगायें और हमेशा के लिए जमीन का मालिक बनें। सीएम ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि चुनाव आते ही समाज में घुसपैठ, लव जिहाद का भय दिखाकर समाज को बांटने पर अमादा है लेकिन झारखंड के लोग डरने वाले नहीं हैं। चुनाव में डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हर क्षेत्र में योजनाएं लाकर समावेशी विकास किया है।

**₹640 करोड़ की परिसंत्तियां बांटी :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने ₹465 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 310 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गिरिडीह जिले के 8 लाख लाभुकों के बीच लगभग 445 करोड़ और धनबाद जिले के लगभग 5 लाख लाभुकों के बीच 194 करोड़ यानि कुल 13 लाख लाभुकों के बीच में 640 करोड़ की परिसम्पत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में गिरिडीह जिले की डेढ़ सौ योजना की राशि लगभग 263 करोड़ और धनबाद जिले की 160 योजना की राशि 201 करोड़ शामिल है।

दुष्कर्म के बाद बीटेक छात्रा को जलाकर मारने का मामला

## हाईकोर्ट में अपील खारिज, राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची की बूटी बस्ती निवासी बीटेक छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद जलाकर मार डालने के मामले में रांची की निचली अदालत द्वारा सजायफ्ता राहुल राज को सुनायी गयी फांसी की सजा को बरकरार रखा है।

रांची की निचली अदालत ने अभियुक्त राहुल राज को 20 दिसंबर 2019 को दोषी करार दिया था एवं मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखते हुए उसे 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी। बता दें कि 15-16 दिसंबर 2016 को दरिंदे ने बीटेक की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसको जलाकर मार दिया था। मुख्य आरोपी राहुल को सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया था और फांसी की सजा सुनाई थी।

## रेजिडेंट डॉक्टर आज शाम 5 बजे तक काम पर लौटें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या के मामले के लेकर डॉक्टरों की चल रही हड़ताल पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रूख अपनाया है। कोर्ट ने 10 सितंबर शाम 5 बजे से पहले सभी रेजिडेंट डॉक्टरों को काम पर लौटने को कहा है। कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने की अदालत ने सीबीआई को 17 सितंबर तक ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं प. बंगाल सरकार को डॉक्टरों में असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।




धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

मंगलवार 10.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 143

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## पार्लियामेंट्री ओबीसी समिति के चेयरमैन का किया स्वागत



**जोड़ापोखर।** बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक सतना के सांसद गणेश सिंह को पार्लियामेंट्री ओबीसी समिति का चेयरमैन बनाया गया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राम नारायण और झारखंड कार्यकारी अध्यक्ष बिमलेश कुमार यादव ने दिल्ली में सांसद के आवास पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। मीडिया प्रभारी ने उन्हें कोयला कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बहुत जल्द निदान कराने का आश्वासन दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष बिमलेश कुमार यादव ने पूरे झारखण्ड के ओबीसी की स्थिति से अवगत कराया। श्री सिंह ने झारखंड में एसोसिएशन को मजबूत बनाने और ओबीसी से जुड़ी विभिन्न जातियों को एक प्लेटफार्म पर लाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उनके साथ विनय यादव, संतोष कुमार सहित अन्य लोग थे। यह जानकारी एसोसिएशन के बीसीसीएल मीडिया प्रभारी राम नारायण ने दी है।

## धकोकसं का धरना चौथे दिन भी जारी

**कतरास।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का ब्लॉक दो ईकाई के समक्षअनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन सोमवार को धरना में सुमिर कर्मकार, संतोष सिंह, सरोज मेहता, जगदीश मोदी एवं अनिल बासुकी धरना पर बैठे। धरनार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सह कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य रामधारी भी पहुंचे तथा प्रबंधन की श्रमिक विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। इस मौके पर संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## मोबाइल चोरी मामले में सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** जज हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे आरोपी राहुल वर्मा व लखन वर्मा के विरुद्ध दर्ज मोबाइल चोरी के मामले की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई। धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे की अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध हत्या के अलावाऑटो चोरी एवं मोबाइल चोरी की अलग एफआईआर 7 सितंबर 21 को दर्ज की थी। सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध 27 अक्टूबर 21 को आरोप पत्र दायर किया था। 24 नवंबर 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी।

# हर्ल में स्थानीय को मिलेगा रोजगार नहीं चलेगी गुंडागर्दी : ढुल्लू महतो

**एफसीआई सिंदरी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा, मंत्रालय से करेंगे बातचीत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के आवासों, दुकानों, स्वास्थ्य और युवाओं के नियोजन संबंधी मुद्दों पर धनबाद सांसद ढुलू महतो ने सोमवार को एफसीआई और हर्ल सिंदरी प्रबंधन से बातचीत की। एफसीआई प्रबंधन द्वारा जारी सर्कुलर पर उन्होंने प्रबंधन से दो टूक शब्दों में कहा कि जरुरत पड़ने पर संबंधित मंत्रालय से बातचीत कर इसका निदान करूंगा। उन्होंने ज्ञापन एफसीआई सिंदरी प्रबंधन को ज्ञापन भी सौंपा। हर्ल सिंदरी के कांफ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि सिंदरी के लोगों के प्रति दर्द है। यहां किसी भी कीमत पर गुंडागर्दी नहीं चलेगी। नियोजन के मुद्दे पर कहा कि हर्ल में आधार कार्ड और वोटर कार्ड के आधार पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। आवास नीति के संबंध में कहा कि केंद्रीय रसायन व उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा से बात की जाएगी। गोशाला और डोमगढ क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा कि प्रबंधन को कोल बेयरिंग क्षेत्र से लोगों को विस्थापित करना होगा। एसएलटू में रह रहे बीसीसीएल कर्मियों को आवास के लिए बीसीसीएल सीएमडी से पहल कराने को कहा। मनोहरटांड़ के अवैध कब्जाधारकों को भी नयी आवास नीति के आधार पर आवंटन देने के लिए प्रबंधन से बात की। सिंदरी में बेहतर सड़क और बिजली तथा स्वास्थ्य को लेकर कहा कि वह चुपचाप सोने वाले सांसद नहीं हैं। शीघ्र ही बेहतर व्यवस्था नजर आएगी। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन द्वारा पीपी एक्ट नोटिस प्राप्त सभी दुकानों को डेढ़ सौ स्क्वायर फीट का दुकान बाजार क्षेत्र में ही देने के लिए प्रबंधन राजी है। इसके लिए जगह भी चिन्हित कर ली गई है।

### चार हजार आवास में है अवैध कब्जा

सांसद से वार्ता के दौरान एफसीआई प्रशासनिक अधिकारी देवदास अधिकारी ने बताया कि सिंदरी में 8 हजार आवास हैं। लगभग चार हजार आवासों में लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। प्रबंधन सभी संबंधित लोगों को लीज पर आवास आवंटन का आश्सन देने जा रहा है। अब बगैर राजस्व का भुगतान किये कोई भी व्यक्ति आवास में नहीं रहेगा।

### दौरे में सांसद के साथ थे शामिल

सांसद के सिंदरी दौरा में एफसीआई सिंदरी यूनिट इंचार्ज विजय चौधरी, संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी, पी एन दत्ता, हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, वाइस प्रेसिडेंट गौतम माजी, एच आर हेड संत सिंह, सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी, भाजपा आइटी सेल संयोजक अमर झा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, मनोज मिश्रा, प्रकाश बाउरी, विजय सिंह, रुपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया, गोवर्धन मंडल, रविश्वर मरांडी, राकेश तिवारी, राजेश चौधरी, टिंकू महतो, मणिभूषण सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स व गायनोकोलॉजी ने किया सत्याग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता की घटना को आज 9 सितंबर को एक माह पूरे हो गए। अभी न तो सभी अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही पीड़िता को न्याय मिला है। पीड़िता को तत्काल न्याय दिलाने के लिए धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स और गायनोकोलॉजी ने गांधी सेवा सदन स्थित गांधी की प्रतिमा के समक्ष 9 सिंतबर सोमवार को दोपहर 3 से 4 बजे तक सत्याग्रह किया। इस अवसर पर डीएसओजी के साथ आईएमए,रेड क्रॉस, इनर व्हील माइल स्टोन, डीबीए,जेपी आंदोलन आदि के अलावा दर्जनों संगठन के लोगों ने सैकड़ों की तादाद में एक स्वर से पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषी को सजा देने की मांग की। धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोंकोलॉजी के डॉ गायत्री सिंह अध्यक्ष, डॉ नेहा प्रियदर्शिनी सचिव, डॉ प्रतिभा रॉय पूर्व अध्यक्ष, डॉ. रेनू उपाध्याय पूर्व सचिव डॉ. बी एन गुप्ता अध्यक्ष आईएमए,डॉ. राकेश इंदर सिंह सचिव आईएमए, डॉ एस के दास, डॉ अपर्णा करण, डॉ श्रेया करन, डॉ शिवानी झा,डॉ. डी पी भूषण, डॉ.राजकुमार सिंह, डॉ रेखा रानी सिन्हा, डॉ बी एन चौधरी, डॉ मिहिर झा, डॉ नीतू सहाय, डॉ सीमा साहू, विधायक राज सिन्हा, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, कृष्णा अग्रवाल, डॉ इला रॉय, डॉ भाष्कर दास गुप्ता, डॉ एम एम बन्दोपाध्याय,डॉ प्रसून आनंद, डॉ धीरज चौधरी, मुकेश सिंह, अनंत श्रीकृष्णा, डॉ संजय साहू, डॉ अर्पिता, निधि मुंजल, रश्मि सहाय, डॉ मिहिर झा, डीसीडीए सेक्रेटरी धीरज कुमार दास, चंद्रशेखर गुप्ता, सुकांतो, राजेश सिंह शामिल थे।

# भाकपा माले और मासस की रैली में दोनों पार्टियों का विलय

**अब एक नाम से जानी जाएंगी दोनों पार्टियां, करेंगे भाजपा का सफाया : दीपांकर**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** कोयलांचल की 53 साल पुरानी पार्टी माक्सवादी समन्वय समिति (मासस) का सोमवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन यानी भाकपा माले में विलय हो गया। इसका गवाह बना धनबाद का गोल्फ ग्राउंड मैदान, जहां दोनों दलों की मौजूदगी में एकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने दोनों पार्टियों के विलय की घोषणा की। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विलय का प्रस्ताव सबसे पहले मासस की ओर से आया था, जिसे भाकपा माले ने स्वीकार किया। अगले दो दिनों तक केंद्रीय कमेटी की बैठक कुमारधुबी में होगी। बैठक में सभी को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी जायेगी। दोनों पार्टियां अब एक नाम से जानी जाएगी। हमलोगों के साथ आने से धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, रांची, चतरा में संगठन मजबूत होगा। इसका फायदा हमारी सहयोगी पार्टियों को मिलेगा। आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ लड़ेगा। सभी लोग मिलकर इस राज्य से भाजपा का सफाया करने में सफल होंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा को पीछे धकेलने का किया काम। श्री भट्टाचार्या ने कहा कि रुढ़ीवादी विचारधारा वाली पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में हमलोगों ने साथ मिलकर पीछे धकेलने का काम किया। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां बुलडोजर राज चलता था, किसी का भी घर ये लोग गिरा देते थे। हमलोगों के प्रयास से सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि यह गलत हो रहा है। कोई अपराधी है तो आप उसे पकड़ें, एक व्यक्ति के लिए पुरे परिवार को बेघर करना गलत है। इसपर कोर्ट ने रोक लगाने का आदेश दिया। इंडिया गठबंधन की एकजुटता के कारण उत्तर प्रदेश में उन्हें अयोध्या सहित कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा।

### गौकशी के नाम पर मुसलमानों को किया गया टारगेट

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि गौकशी की शुरुआत इनलोगों ने झारखंड से की। इसके बाद कई स्थानों पर मॉब लिंचिंग कर मुसलमानों को निशाना बनाया गया। देश में इनका काम ही रह गया है कि जाति, धर्म के नाम पर लोगों को बांटो और राज करो। अब ये लोग झारखंड में तोड़फोड़की राजनीति में जुट गये हैं। अभी चंपई सोरने को तोड़कर अपने पास ले गये हैं। ये जो हमारी विचारधारा के थे, कुछ माह पहले तक हमलोगों के साथ मंच साझा करते थे, अब उनकी भाषा बोलने लगे हैं। ये लोग यहां का बिजली, पानी, कोयला एवं अन्य खनिज लवण कारपोरेट को देना चाहते हैं। लेकिन वे मंसूबे में कामयाब नहीं होंगे। पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि मासस का माले में विलय होने के बाद प्रदेश में नई राजनीति का संचार होगा। भाजपा हटाओ, लूट मिटाओ के साथ निजीकरण के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज होगी।

### महेंद्र सिंह हत्याकांड में कुलदीप का बयान दर्ज

**धनबाद।** माले विधायक महेंद्र सिंह की हत्या के आरोप मे जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा उर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया । सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कुलदीप सिंह को बतौर गवाह पेश किया, जिसने अदालत को दिए बयान में घटना का समर्थन किया। हालांकि उसने किसी को पहचानने से इनकार किया। अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह की हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी।

# पावरलिफ्टिंग में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने ईस्टर्न इंडिया क्लासिक एंड इक्रूप पावरलिफ्टिंग एवं झारखंड स्टेट इक्रूप व क्लासिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतकर कतरास एवं पूरे जिले का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता बोकारो के यमका सेंटर चास में 4 से 7 सितंबर तक हुई थी। ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग इक्रूप सीनियर में मो शकरुद्दीन शाह उर्फ नूर ने 66 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल एवं झारखंड स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड के अलावा स्ट्रांग मैन ऑफ झारखंड का खिताब जीता। 74 किलोग्राम वर्ग में अभिषेक सिंह ने ईस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल एवं झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, 53 किलोग्राम वर्ग के झारखंड स्टेट में अंकुश विश्वकर्मा ने गोल्ड मेडल, झारखंड पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में आकाश रवानी ने डेड लिफ्ट में सिल्वर मेडल, वहीं झारखंड स्टेट इक्रूप पावरलिफ्टिंग के 59 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद हसनैन ने गोल्ड मेडल, मास्टर वन के 66 किलोग्राम वर्ग में अभय बर्मन ने बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट में 2 गोल्ड मेडल, झारखंड स्टेट के 74 किलोग्राम वर्ग में मो सैफ ने सिल्वर एवं 105 किलोग्राम वर्ग के झारखंड स्टेट इक्रूप में मो फेजान रजा ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### 300 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में भारत के पूर्वी भाग के कई राज्यों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें झारखंड राज्य के भी दर्जनों महिला व पुरुष खिलाड़ी शामिल थे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, महासचिव ॅगुरुजी दुर्गाराम, वरिष्ठ अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, सचिव रणधीर बर्मन, संगठन सचिव दीपक कुमार गुप्ता, सीनियर खिलाड़ी राजेश सिंह, विक्की रवानी, आयुष गुप्ता, कालाचंद बाउरी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एक नजर में

## रेल कर्मी महिला के घर चोरी का प्रयास

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित सुभान अपार्टमेंट में रविवार की रात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। बता दें कि अपार्टमेंट की दूसरी मंजिल पर डीआरएम कार्यालय में कार्यरत चीफ ओएस महिला नसरूल के अपार्टमेंट में चोरी का प्रयास किया गया। जानकारी बैंक मोड़ थाने को दी गई। बैंक मोड़ थाना की पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। हालांकि महिला ने जब घर के आलमीरा में देखा तो उसमें रखा सारा सामान ज्यों का त्यों मिल गया। ाहिला ने बताया किआए दिन अपार्टमेंट के आसपास चोरी की घटना घटती रहती है। इसीलिए वह काफी डरी-सहमी रहती है। रेल कर्मचारी होने के नाते दिन में डीआरएम कार्यालय में ड्यूटी पर रहती है।

## सांसद की पहल पर वेल्लोर से लाया गया ग्रामीण का शव



**कतरास।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धोवाटांड. निवासी बाबूचंद रविदास की सीएमसी वेल्लोर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सांसद ढुल्लु महतो की पहल पर उनका शव गांव लाया गया। बताते चलें कि रविदास लिवर में इन्फेक्शन की बीमारी से ग्रस्त थे। उन्हें सांसद की पहल पर ही इलाज के लिए सीएमसी वेल्लोर भेजा गया था, जहां उनकी मृत्यु हो जाने के बाद परिवारजनों की गुहार पर उनका शव विमान से लाया गया।

## प्रियांशु पांडेय ने किया झारखंड का नाम रोशन



**सिंदरी ।** सिंदरी के प्रियांशु पांडेय ने अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में 13 वां स्थान प्राप्त कर झारखंड का नाम रोशन किया है। प्रियांशु लायंस क्लब ऑफ सिंदरी के क्लब एडमिनिस्ट्रेटर प्रशांत पांडेय के बड़े सुपुत्र हैं। उन्होंने बताया कि विगत छः माह से आनलाइन प्रतियोगिता में देश के 10 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें कीबोर्ड इंस्ट्रूमेंट्स में यह अवार्ड दिया गया है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड अभिनेत्री सना खान द्वारा संचालित मुंबई की संस्था अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में विजेता बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पिता प्रशांत पांडेय ने बताया कि यह उनके लिए खुशी का पल है। लोगों का लगातार फोन और सोशल मीडिया के जरिए बधाई संदेश प्राप्त हो रहा है।

## पोषण सखी बहनों ने विधायक अपर्णा सेनगुप्ता का आभार जताया



**मैथन।** निरसा क्षेत्र के पोषण सखी बहनों ने उनकी लड़ाई लड़ने के लिए सोमवार को विधायक अपर्णा सेनगुप्ता से उनके आवास पर मिलकर उनका आभार जताया और उन्हें मिठाई खिलाकर व बुके देकर बधाई दी। बहनों ने कहा कि पूरे राज्य की 10,388 पोषण सखी बहनों की सेवा 2022 में झारखंड सरकार ने समाप्त कर दी थी। उनका भविष्य अंधकार में जाते देख विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने उनके समर्थन में लड़ाई लड़ी। वह लगातार तीन वर्षों तक विधानसभा में प्रश्न उठाकर एवं धरना देकर उनकी मांगों को लेकर लड़ती रही। विधायक ने हर उचित सहयोग पोषण सखी बहनों को दिया है। इस कारण 29 अगस्त 2024 को सरकार को झुकना पड़ा और कैबिनेट मीटिंग बुलाकर तीन हजार रुपये प्रत्येक माह मानदेय भुगतान करने की घोषणा करनी पड़ी। आभार प्रकट करने में एकीकृत पोषण सखी संघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अंजनी कुमारी, प्रदेश महामंत्री पार्वती सोरेन, निरसा प्रखंड अध्यक्ष ज्योती कुमारी, हीरा टुडु, अफसाना, अंजु कुमारी, जोसना कुमारी मौजूद थीं।

# 10 एचआईवी पॉजिटिव युवकों ने विवाह कर पत्नियों को परेशानी में डाला

**जानकारी छुपा कर सभी युवकों ने की थी अपनी-अपनी शादी**

**राज खुलते ही परिजनों के बीच कलह शुरू, कानूनी पचड़े में पड़ने का भी डर**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** कोयलांचल में एचआईवी पॉजिटिव 10 युवकों की अजीबोगरीब कहानी सामने आयी है। इन लड़कों ने अपनी बीमारी छिपाकर खुद के साथ अपनी पत्नियों को भी परेशानी में डाल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब इनमें से एक युवक अपनी गर्भवती पत्नी का एंटीनेटल चेकअप कराने एसएनएमएमसीएच के एआरटी सेंटर पहुंचा। पत्नी के पॉजिटिव होने की बात का पता चलते ही दोंनो के बीच जमकर लड़ाई हुई। पूछताछ में युवक ने बताया कि तीन साल पहले उनके अलावा अन्य 9 साथियों का यहां इलाज चल रहा था, लेकिन तभी वे सभी अचानक यहां से गायब हो गए। इसके बाद एचआईवी की जानकारी छिपाकर उन लोगों ने शादी कर ली। अब एक एक कर सभी यहां इलाज कराने आ रहे हैं।

युवक ने बताया कि हमलोग महानगरों में काम करने गये थे और वहीं संक्रमित हुए। उसके बाद इलाज शुरू किया। साथ ही विभिन्न संस्थाओं के जरिये एचआइवी पीड़ित मरीजों की मदद के लिए काम करने लगे। संक्रमण को रोकने के उपाय पर लोगों को जागरूक कर रहे थे। लेकिन स्वयं विवाह कर पत्नियों को परेशानी में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस बात का अफसोस भी उन सभी को है।

### पत्नी और उनके परिवार के बीच बढ़ा विवाद

युवक ने बताया कि इस मामले की जानकारी होने पर पत्नी और उनके परिवार के बीच विवाद भी बढ़ गया है। दोंनो पक्ष एक दूसरे को देख लेने की धमकी दे रहे हैं। वहीं एआरटी सेंटर के चिकित्सकों का कहना है कि एचआईवी मरीजों को विवाह करने का हक है, लेकिन वे सिर्फ एचआईवी संक्रमित महिला से ही यह काम कर सकते हैं। किसी अन्य के साथ विवाह करना गलत है। सच्चाई छिपाने के कारण ऐसे लोगों को जेल भी हो सकती है।

स्पीड न्यूज

## अम्बाकोठी में विकास शिविर का हुआ आयोजन



परिसंपति का वितरण करते अधिकारी।

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को वार्ड नंबर नौ अम्बाकोठी सामुदायिक भवन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में आए लोगों को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, अंचल कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार से संबंधित कार्य, सावित्रीबाई फुले इत्यादि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में ऑन द स्पोट्र्स समस्याओं का भी निवारण किया गया तथा परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया। 12 सितंबर को सब्जी मार्केट बायपास रोड धर्मपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## नामुदाग में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित नामुदाग पंचायत सचिवालय में दिन सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, मुखिया दिनेश कुमार सिंह, पंचायत सेवक विकास कुमार समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाए गए। जहां कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री बाई किशोरी स्मृति योजना, समेत कई योजनाओं के लिए आवेदन स्वीकृत किया गया।

## दिव्यांग बच्चो का जांच व सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चो का जांच व सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे एजीएमको भुनेश्वर से आए विशेषज्ञ दलो द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच व सहायक उपकरण का वितरण किया गया। विशेषज्ञ दल मे आडियोलोजिस्ट डॉ. ज्ञानेनु कुमार सिंह, पी.एंड ओ.डॉ दिपक कुमार मंडल व डाटा मैन विजय कुमार शामिल थे। शिविर में कुल 58 बच्चो का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही 32 दिव्यांग बच्चों के बीच सहाज्ञक उपकरण वितरण किया गया। जिसमे पांच व्हील चेयर, पांच बैशाखी, चार कैलिपर, दो रोलेट, तीन ब्रेल स्टिक व 10 हियरिंग एड शामिल है। वहीं 20 दिव्यांग बच्चों का सहायक उपकरण के लिए चयनित किया गया। मौके पर बीआरसी से बीपीओ विरेन्द्र भगत, बीआरपी अनुपमा कुमारी, आरटी कालीचरण, विरेन्द्र कुमार सिंह, सीआरपी प्रकाश यादव, चयनित बच्चे, बच्चों के अभिभावक व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मनिका प्रखंड के लाली में समाजसेवी ने जेसीबी से हटवाया सड़क पर गिरे पेड़

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के दूंदू पंचायत स्थित लाली गांव जाने वाली सड़क पर गिरे विशाल पेड़ को समाजसेवी अख्तर अंसारी के द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से हटवाकर सड़क पर आवागमन को फिर से बहाल करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग दो महीने पूर्व में प्रखंड मुख्यालय को लाली गांव से जोड़ने वाली इस सड़क पर एक विशाल पेड़ गिर गया था जिसके कारण इस सड़क से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा था। वहीं गांव के ग्रामीणों ने इसकी जानकारी समाजसेवी अख्तर अंसारी को दिया जिसके बाद समाजसेवी के द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क से पेड़ को हटवाने का काम किया गया। वहीं लाली गांव के ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए समाजसेवी अख्तर अंसारी का आभार व्यक्त किया।

## सरकार आपके द्वार के तहत बोदा में शिविर

**चंदवा।** सोमवार को बोदा पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक, मुखिया ललिता देवी, पंसस सुशीला टोपनो ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बीडीओ व सीओ ने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों के बीच साझा की व विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल की जानकारी भी दी। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन की जांच कर अग्रतार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शिविर में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक महेश सिंह लव कुमार, पशुपालन पदाधिकारी सरोज केरकेटा प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, रोहित कुमार पीडीएस दुकानदार लालू प्रसाद, सुधीर प्रसाद समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क किनारे खड़ी बस पीछे लुढ़की कार सवार बाल-बाल बची मां-बेटी



**चंदवा।** एनएच 75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप जिला परिषद बस पड़ाव के ठीक सामने सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह लगभग 8 बजे राउरकेला से अंबिकापुर जा रही जय बाला नामक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी होने कुछ देर बाद अचानक पीछे की ओर ढलने लगी व बस के पीछे खड़ी कार जेएच-01 एफजे-2863 से जा टकराई। ठीक उसी समय कार से उतर रही एक महिला व उसकी बच्ची चपेट में आने से बाल-बाल बच गयी, बच्ची की मां ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को बस के चपेट में आने से बचा लिया, इस दौरान दोनों को हल्की चोटें भी आई। विदित हो कि चंदवा में बसों से ठहराव को लेकर जिला परिषद के द्वारा सुविधा संपन्न बस पड़ाव बनाया गया है, जहां से प्रतिवर्ष सरकार व जिला परिषद को लाखों रुपये राजस्व की प्राप्ति होती है, बावजूद इसके विगत लगभग दो-तीन वर्षों से बसों का ठहराव बस पड़ाव में न होकर एनएच पर सड़क किनारे किया जा रहा है। एनएच किनारे बसों के रुकने के कारण हमेशा बनने वाली दुर्घटना की संभावना व महिला यात्रियों को होने वाली परेशानियां को लेकर स्थानीय लोगो ने प्रशासन से कई बार गुहार भी लगाई है। बावजूद इसके अब तक बसों का ठहराव पड़ पड़ाव में सुनिश्चित नही हो पाया है। अगर प्रशासन जल्द इस ओर ध्यान नही देती है तो कभी भी बड़ा हादसा देखने को मिल सकता है।

## झारखंड के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की मनायी गयी पुण्यतिथि

# पिताजी ने छह बार मनिका का किया प्रतिनिधित्व : मंजू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

▫ राजा मेदिनीराय महाविद्यालय में स्थापित प्रतिमा पर दी गई श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते परिवार के सदस्य व अन्य।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार विधायक रहे झारखंड के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री, राज्य के जाने माने दिग्गज भाजपा नेता गरीबों के मसीहा श्रद्धेय यमुना सिंह की 13 वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। राजा मेदिनिराय महाविद्यालय के प्रांगण में अवस्थित स्व. यमुना सिंह के स्मारक स्थल पर कई दिग्गज नेताओं ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां उनकी प्रतिमा पर उनकी पुत्री सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह, तुषार सिंह, तृप्ति सिंह और प्रशांत कुमार के साथ- साथ प्रमुख सुशीला देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव, मण्डल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद उर्फ ओपी समेत दूर दराज और स्थानीय अनुयायी ने बारी-बारी से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व मंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विकास में दिए गये अमूल्य योगदान और किये गये ऐतिहासिक कार्यों का बखान किया। उनकी पुत्री मंजू सिंह ने बताया कि सन 1983 में पिताजी ने बरवाडीह जैसे पिछड़े क्षेत्र में राजा मेदिनिराय महाविद्यालय की स्थापना की थी। वे गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया। बता दें कि पूर्व मंत्री स्व. यमुना सिंह का निधन 9 सितंबर 2011 को हुआ था। अपने कार्यकाल में कराये गये विकास कार्यों की बदौलत उन्होंने विधायक के रूप में लगातार छह बार मनिका विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। आज उनकी पुत्री भाजपा नेत्री मंजू सिंह अपने पिता के बताए पदचिन्हों पर चलकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे रही है। वर्तमान में मंजू सिंह भारतीय जनता पार्टी की कद्दावर महिला नेत्री के रूप में जानी जाती है। अगर पार्टी उन्हें मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका देती है तो वह अपने पिताजी के बताए मार्ग पर चलकर क्षेत्र का समग्र विकास कर सकती है। वहीं कार्यक्रम में भाजपा नेता शिबू प्रसाद, मनोज प्रसाद, सुनील सिंह, मनोज यादव, विष्णु प्रसाद, अमर प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सिबला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत सचिवालय परिसर मे स्थानीय मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया सुरेश उरांव, गौतम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सीधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, भुमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुष्मान कार्ड, पेयजल-स्वच्छता, पशुपालन, शिक्षा, राशनकार्ड, आधार कार्ड, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन, कृषि, खाद्य आपुर्ती नरेगा, 15वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाएं गए हैं। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने स्टॉल में बैठें है। आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। संभवतः तुरंत निष्पादन किया जायेगा। वही उन्होने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया साथ ही मुख्य मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए इस योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। बीससुत्री अध्यक्ष गंझु, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने भी झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में बिस्तार से बताते हुए लोगो को लाभान्वित होने की अपील किया। उन्होंने आगे कहा कि शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से भी संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते है। सभी स्टॉल में लोगो ने अपने आवश्यकता के अनुसार आवेदन जमा किए साथ ही स्टॉल का निरिक्षण भी किया गया। एसेजी का प्रणाम पत्र, जॉब कार्ड व कई छात्र छात्राओं को साईकिल भी वितरण किया गया। शिविर मे आन द स्पॉट कई काम किए गए।

### शिविर भाटचतरा स्थित बारा डहर वन क्षेत्र मे रह रहे भुइयां परिवार ने दिया आवेदन

आवेदन मे लोगों ने कहा की हमलोग भूमिहीन हैं पिछले कई वर्षों से वन क्षेत्र मे घर बनाकर रह रहे हैं। बिते बुधवार को वन विभाग के नंद कुमार महतो ने कई लोगों से मक्का खेती पिटवा कर नस्ट कर दिया जिससे छोटे-छोटे बच्चों और परिजनों को जीविका चलना मुश्किल हो गया है।

## भाजपा ने चलाया विशेष कार्यक्रम

**चंदवा।** संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त व मजबूत बनाने को लेकर भाजपा मंडल चंदवा के द्वारा रविवार को बूथ सत्यापन कार्यक्रम चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में प्रखंड अंतर्गत पंचायतो के सभी बूथों में जाकर सत्यापन कार्य किया गया। सभी पंचायतो में कार्यक्रम प्रभारी की नियुक्ति की गई थी। पंचायत अंतर्गत सभी शक्ति केन्द्रों के प्रभारी अपने-अपने संयोजक सहसंयोजक के साथ अपने अपने बूथों का सत्यापन किया। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ अध्यक्ष व कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। जिन्हें पंचायत प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी थी उनमें बनहरदी पंचायत में शंकर साहू, बारी में दीपक निषाद, चंदवा पश्चिमी रिकी वर्मा, हुटाप अमित कुमार गुप्ता, माल्हन आशीष सिंह, डुमारो राजेन्द्र यादव, बरवाटोली जयराम साहू, लाधुप राजेश गंझू एवं बोदा में सकिन्द्र मुंडा शामिल थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के चेताग पंचायत में सोमवार को आपके योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव, अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, बालूमाथ बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने किया। मौके पर बीडीओ सोमा उराँव ने ग्रामीणों को राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं हर जरूरतमंद गरीब तक पहुंचे यह सरकार की सोच है।

## मनिका प्रखंड में आदिवासी लोहरा समाज के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# लोगों को अपने हक की जानकारी होना जरूरी: राजू

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित लोहिया भवन परिसर में आदिवासी लोहरा समाज, राष्ट्रीय जन कल्याण समिति के द्वारा समाज के लोगों को संवैधानिक एवं मौलिक अधिकार के प्रति जागरूक करने को लेकर राजमोहन लोहरा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मुसाफिर लोहरा, जिला अध्यक्ष राजू रामवृक्ष लोहरा शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित महिला एवं पुरुषों के साथ संवैधानिक व मौलिक अधिकार पर परिचर्चा किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष राजू रामवृक्ष लोहरा ने कहा कि हमारे समाज के लोगों को अपने संवैधानिक व मौलिक अधिकार के प्रति जागरूक होने की जरूरत है लातेहार जिला अनुसूचित सुदूरवर्ती क्षेत्र में आता है और जो भी व्यवस्थाएं हैं वह भारतीय कंस्ट्रक्शन के तहत चलता है इन्हीं व्यवस्थाओं में आदिवासी लोहरा समाज भी आता है और भारतीय संविधान अधिनियम 1996 में यह पारित है साथ ही राष्ट्रपति द्वारा इसे लागू भी किया गया है जिसे हमारे राज्य में भी लागू होना है जिसके लिए झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा सरकार एवं विभागों को निर्देश भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज लोहे के अविष्कार निमार्ता रह चुके हैं इसलिए इस जनजाति को अपने हक और अधिकार की जानकारी होना जरूरी है और इसी विशेष जानकारी व प्रशिक्षण के लिए आर्टिकल 13 भारतीय संविधान और आर्टिकल 244 पांचवी व छठवीं अनुसूचित अधिनियम है एवं छोटा नागपुर कार्य अधिनियम सीएनटी एक्ट 1908 की भी जानकारी होनी चाहिए। मौके पर राजमोहन लोहरा, बिंदेश्वरी लोहरा, तेतर लोहरा, जितेंद्र लोहरा, राजेंद्र लोहरा, नरेश लोहरा, रोहित लोहरा, भोला लोहरा, महेंद्र लोहरा, रामदयाल लोहरा, सावन लोहरा, रजिया देवी, अर्जुन लोहरा, मनोज लोहरा, राजू लोहरा, उमेश लोहरा, मुकेश लोहरा, मनोज लोहरा, बसंती देवी, रामलाल लोहरा, रामचंद्र लोहरा, देवंती लोहरा, निर्मला लोहरा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डीएसओ ने लिया कम वोटिंग वाले मतदान केंद्रों का जायजा

**चंदवा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने सोमवार की दोपहर बाद लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा चंदवा पहुंची। जहां उन्होने प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित बूथ नंबर 300 एवं 302 का निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन दोनों बूथों पर मतदान का प्रतिशत बहुत काफी कम रहा था। उन्होने मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि मतदान का प्रतिशत कम होने का मुख्य कारण था कि सरोज नगर मोहल्ले के बहुत से मतदाताओ का पोलिंग बूथ रेलवे लाइन के पार अलौदिया में कर दिया गया था। लगभग 3 किलोमीटर दूरी तय करके वोट डालने जाना था, जिसके कारण बहुत सारे मतदाताओ ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।


**कार्यालय नगर परिषद, चतरा**

पत्रांक–971 / न0प0. दिनांक–09.09.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, चतरा अन्तर्गत चतरा पशु मेला सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–20.09.2024 को समय 1:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–21.09.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा पशु मेला | मेला अवधि तक के लिये | 14,62,900.00 | 1,46,290.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–20.09.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 335115 Urban Development (24-25)_D प्रशासक, नगर परिषद, चतरा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–13/2024-25/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 43/STPKG/23/ 2024-25 | नामकुम | दस माईल अलीपुर मोड़ से बुमरू भाया सहेदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.100 कि0मी0) | 12,32,87,500.00 | बारह करोड़ बत्तीस लाख सतासी हजार पाँच सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| | | नामकुम | बगीचा टोली से चितवादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–2.425 कि0मी0) | | | | |
| | | नामकुम | सोदाग से टंगटंगटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.700 कि0मी0) | | | | |
| | | नामकुम | घुटिया नदी से सोदाग पंचायत भवन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0– 2.550 कि0मी0) | | | | |
| | | नामकुम | एन0एच0–33 लदनापीढ़ी से हेसापीरी भाया हहाप लताडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0– 6.350 कि0मी0) | | | | |
| | | नामकुम | रामपुर पंचायत लुपुंगटोली से घासीटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.800 कि0मी0) | | | | |
| | | नामकुम | खरसीदाग रिंग रोड से बालेटोली भाया खरसीदाग बस्ती देवगाई पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(ल0–2.850 कि0मी0) | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–12.09.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–21.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–23.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, राँची

PR.NO.335182 REO(24-25):D

**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002

**Reverse e-Auction Procurement Notice through GeM Portal**

Letter No.-kha.up.ni.01-namak-5/24- **1089** Date : 06-09-2024

**Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) For 3rd Quarter (October 2024 To December 2024) Of Financial Year 2024-25 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.**

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2024/B/5371862 Dated: 06-09-2024 |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | Rs.43.26 Lakh as EMD (margin money) in the form of Demand Draft issued from any scheduled commercial bank in the name of " Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi " in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents. |
| Document Sale Date & Timing i.e Last Date & time for downloading RFP from website http://jharkhand.gov.in/food & GeM portal | From 06-09-2024 to 16-09-2024 |
| Online Bid Submission Period | From 06-09-2024 to 16-09-2024 |
| Pre-Bid Meeting | 10-09-2024 at 3:00 through google meet (https://meet.google.com/kwt-tsyc-uvp) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Nameand concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458, email- directorfood18@gmail.com |

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 335110 Directorate of Food and Consumer Affairs(24-25)#D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/02/2024-25 (2nd Call)
Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी परिवहन मद से | | | | |
| 01 | 02/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में सुमन कुमारी के घर से प्रहलाद कुमार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 656600.00 | 13200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 02 | 03/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 07 में बाईपास रोड से कृष्णा प्रसाद, राजु सिंह, प्रमोद प्रसाद एवं प्रदीप अग्रवाल के घर होते हुए बिजय पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 515500.00 | 10350.00 | 5000.00 | दो माह |
| 03 | 05/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 10 में प्रदीप अग्रवाल के घर से बिजय पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1617700.00 | 32400.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | | नागरीक सुविधा मद से | | | | |
| 04 | 09/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में संदीप कुमार के घर से अम्बीका प्रसाद के घर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 711800.00 | 14300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 05 | 10/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में अवधेश सोनी के घर से जयत्री नाला तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 454200.00 | 9100.00 | 5000.00 | एक माह |
| 06 | 12/LNP/02/2024-25(2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में इसराफील मास्टर के घर से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1043800.00 | 20900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 07 | 13/LNP/02/2024-25(2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में एरूल खान के घर से जयत्री नाला तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1295200.00 | 25950.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 08 | 15/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 14 चन्दनडीह विवेकानन्द पार्क में प्याउ का निर्माण कार्य। | 545900.00 | 10950.00 | 5000.00 | दो माह |
| 09 | Date of Publication of Tender on website | | 10.09.2024 at 11:00 AM | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Date start of submission of bids | | 11.09.2024 at 10:00 am | | | |
| 12 | Last Date/Time of submission of bids | | 18.09.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 13 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 20.09.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 14 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 15 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 16 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR.NO.335187 Urban Development(24-25):D

# पाक की स्वीकारोक्ति

भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है। बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बाद कही। दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी। अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे। हालांकि, इस साल की शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे। यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है। दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था। पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं। मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है। लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है। सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है। पाक अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है।

# भाजपा में घमासान

हरियाणा चुनाव में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ चली हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में जैसे ही भाजपा ने अपने 67 उम्मीदवारों की सूची जारी की, कई नेताओं के इस्तीफों की झड़ी लग गयी। इनमें कुछ वर्तमान विधायक हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने टिकट न मिलने के कारण त्यागपत्र दे दिये हैं। पहले से कमजोर चल रही भाजपा को इनकी नाराजगी महंगी पड़ सकती है। हरियाणा में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिये इच्छुक लोगों की लम्बी फेहरिस्त है। सम्भवतः यहां कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबन्धन हो सकता है। एक ओर इंडिया की मजबूती तो दूसरी तरफ भाजपा में मचा घमासान चौंकाने वाले नतीजे दे सकता है। 5 अक्टूबर को होने जा रहे मतदान के लिये भाजपा ने 9 विधायकों की टिकटें काटी हैं और खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा सीट से उतार दिया है जबकि वे करनाल के विधायक हैं। यह सीट कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती है जहां से सावित्री जिंदल के पुत्र नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और सांसद बने हैं। बड़ी बात नहीं कि खुद सैनी की राह वहां कठिन हो सकती है। पूर्व मंत्री करण देव कांबोज ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी के अलविदा कह दिया है। वे रादौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं परन्तु इस बार भाजपा ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से केवल तीन दिन पहले आये श्याम सिंह राणा को उतार दिया है जिससे कांबोज नाराज हैं। इतना ही नहीं, मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी की सदस्यता छोड़ दी है। दूसरी तरफ सावित्री जिंदल ने तो साफ कह दिया है कि यह उनका आखिरी चुनाव है और वे कोई भाजपा की सदस्य भी नहीं हैं जो भाजपा नेतृत्व के हिसाब से चलेंगी। उन्होंने साफ किया कि वे जनता की इच्छा पर चुनाव लड़ने जा रही हैं।

# पर्यावरण अनुकूल सस्ती बिजली ही विकल्प



**आज** सम्पूर्ण विश्व बाढ़, तूफान, सूखा और कोविड जैसी समस्याओं से ग्रसित है। ये समस्याएं कहीं न कहीं मनुष्य द्वारा पर्यावरण में अत्यधिक दखल देने के कारण उत्पन्न हुई दिखती हैं। इस दखल का एक प्रमुख कारण बिजली का उत्पादन है। थर्मल पावर को बनाने के लिए बड़े क्षेत्रों में जंगलों को काट कर कोयले का खनन किया जा रहा है। इससे वनस्पति और पशु प्रभावित हो रहे हैं। जलविद्युत के उत्पादन के लिए नदियों को अवरोधित किया जा रहा है और मछलियों की जीविका दूभर हो रही है। लेकिन मनुष्य को बिजली की आवश्यकता भी है।

अपने देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्त्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमें दूसरे देशों से कोयला भारी मात्रा में आयात करना पड़ रहा है। यदि कोयला आयात करके हम अपने जंगलों को बचा भी लें तो आस्ट्रेलिया जैसे निर्यातक देशों में जंगलों के कटने और कोयले के खनन से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होंगे वे हमें भी प्रभावित करेंगे ही। कोयले को जलाने में कार्बन का उत्सर्जन भारी मात्रा में होता है, जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ रहा है और तूफान, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाएं उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही हैं। बिजली उत्पादन का दूसरा स्त्रोत जल विद्युत अथवा हाइड्रोपावर है। इस विधि को एक साफ सुथरी तकनीक कहा जाता है चूंकि इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। थर्मल पावर में एक यूनिट बिजली बनाने में लगभग 900 ग्राम कार्बन का उत्सर्जन होता है जबकि जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने में जो सीमेंट और लोहा आदि का उपयोग होता है, उसको बनाने में लगभग 300 ग्राम कार्बन प्रति यूनिट का उत्सर्जन होता है। जलविद्युत में कार्बन उत्सर्जन में शुद्ध कमी 600 ग्राम प्रति यूनिट आती है जो कि महत्वपूर्ण है। लेकिन जलविद्युत बनाने में दूसरे तमाम पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पड़ते हैं। जैसे सुरंग को बनाने में विस्फोट किये जाते हैं, जिससे जलस्त्रोत सूखते हैं और भूस्खलन होता है। बैराज बनाने से मछलियों का आवागमन बाधित होता और जलीय जैव विविधिता नष्ट होती है। बड़े बांधों में सेडीमेंट जमा हो जाता है और सेडीमेंट के न पहुंचने के कारण गंगासागर जैसे हमारे तटीय क्षेत्र समुद्र की गोद में समाने की दिशा में हैं। पानी को टर्बाइन में माथे जाने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है। इस प्रकार थर्मल और हाइड्रो दोनों ही स्त्रोतों की पर्यावरणीय समस्या है। सौर ऊर्जा को आगे बढ़ाने से इन दोनों के बीच रास्ता निकल सकता है। भारत सरकार ने इस दिशा में सराहनीय कदम उठाये हैं। अपने देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। विशेष यह कि सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली का दाम लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट आता है जबकि थर्मल बिजली का छह रुपये और जलविद्युत का आठ रुपये प्रति यूनिट। इसलिए सौर ऊर्जा हमारे लिए हर तरह से उपयुक्त है। यह सस्ती भी है और इसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी तुलना में कम हैं। लेकिन सौर ऊर्जा में समस्या यह है कि यह केवल दिन के समय में बनती है। रात में और बरसात के समय बादलों के आने-जाने के कारण इसका उत्पादन अनिश्चित रहता है। ऐसे में हम सौर ऊर्जा से अपनी सुबह, शाम और रात की बिजली की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते हैं।



- भरत झुनझुनवाला

> दिन के समय इस परियोजना से पानी को नीचे से ऊपर टिहरी झील में वापस डाला जाता है और रात के समय उसी टिहरी झील से पानी को निकाल कर पुनः बिजली बनाई जाती है। विद्यमान जल विद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित करके दिन की बिजली को रात की बिजली में बदलने का खर्च मात्र 40 पैसे प्रति यूनिट आता है। इसलिए तीन रुपये की सौर ऊर्जा को हम 40 पैसे के अतिरिक्त खर्च से सुबह-शाम की बिजली में परिवर्तित कर सकते हैं।

इसका उत्तम उपाय है कि स्टैंड अलोन यानी कि स्वतंत्र पम्प स्टोरेज विद्युत परियोजनायें बनायी जाएं। इन परियोजनायों में दो बड़े तालाब बनाये जाते हैं। एक तालाब ऊंचाई पर और दूसरा नीचे बनाया जाता है। दिन के समय जब सौर ऊर्जा उपलब्ध होती है तब नीचे के तालाब से पानी को ऊपर के तालाब में पम्प करके रख लिया जाता है। इसके बाद सायंकाल और रात में जब बिजली की जरूरत होती है तब ऊपर से पानी को छोड़ कर बिजली बनाते हुए नीचे के तालाब में लाया जाता है। अगले दिन उस पानी को पुनः ऊपर पंप कर दिया जाता है। वही पानी बार-बार ऊपर-नीचे होता रहता है। इस प्रकार दिन की सौर ऊर्जा को सुबह, शाम और रात की बिजली में परिवर्तित किया जा सकता है।

विद्यमान जलविद्युत परियोजनाओं को ही पम्प स्टोरेज में ही तबदील कर दिया जाता है। जैसे टिहरी बांध के नीचे कोटेश्वर जलविद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित कर दिया गया है। दिन के समय इस परियोजना से पानी को नीचे से ऊपर टिहरी झील में वापस डाला जाता है और रात के समय उसी टिहरी झील से पानी को निकाल कर पुनः बिजली बनाई जाती है। विद्यमान जल विद्युत परियोजनाओं को पम्प स्टोरेज में परिवर्तित करके दिन की बिजली को रात की बिजली में बदलने का खर्च मात्र 40 पैसे प्रति यूनिट आता है। इसलिए तीन रुपये की सौर ऊर्जा को हम 40 पैसे के अतिरिक्त खर्च से सुबह-शाम की बिजली में परिवर्तित कर सकते हैं। लेकिन इसमें समस्या यह है कि टिहरी और कोटेश्वर जल विद्युत परियोजनाओं से जो पर्यावरणीय दुष्प्रभाव होते हैं, वे तो होते ही रहते हैं। कुएं से निकले और खाई में गिरे। सौर ऊर्जा को बनाया लेकिन उसे रात की बिजले बनाने में पुनः नदियों को नष्ट किया।

इस समस्या का उत्तम विकल्प यह है कि हम स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना बनाएं जैसा ऊपर बताया गया है। इन परियोजनाओं को नदी के पाट से अलग बनाया जा सकता है। किसी भी पहाड़ के ऊपर और नीचे उपयुक्त स्थान देख कर दो तालाब बनाये जा सकते हैं। ऐसा करने से नदी के बहाव में व्यवधान पैदा नहीं होगा। ऐसी स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजना से दिन की बिजली को रात की बिजली में परिवर्तित करने में अनुमान है कि तीन रुपये प्रति यूनिट का खर्चा आएगा।

अतः यदि हम सौर ऊर्जा के साथ स्वतंत्र पम्प स्टोरेज परियोजनाएं लगायें तो हम छह रुपये में रात की बिजली उपलब्ध करा सकते हैं जो कि थर्मल बिजली के मूल्य के बराबर होगा।

इसके अतिरिक्त जब कभी-कभी अकस्मात ग्रिड पर लोड कम-ज्यादा होता है, उस समय भी पम्प स्टोरेज परियोजनाओं से बिजली को बनाकर या बंद करके ग्रिड की स्थिरता को संभाला जा सकता है। इसलिए हमें थर्मल और जल विद्युत के मोह को त्याग कर सौर एवं स्वतंत्र पम्प स्टोरेज के युगल को अपनाना चाहिए।

## खास बात

### पंजाब और हरियाणा में गहराता जल संकट

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**पंजाब** और हरियाणा में धान खेती भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की खेती के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधन दोनों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

भूजल का अत्यधिक दोहनः पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी आई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के 2023 में किए गए अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87% ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दशार्ता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ़्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव, जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है।

धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं,

**मेरे** व्यक्तिगत जीवन में योग ने न केवल शारीरिक रूप से मुझे संतुलित रखा है।बल्कि मुझे हर स्थिति से जूझने का मानसिक बल भी दिया है। आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। विश्व को भारत की ये भेंट अद्वितीय है। जय हिंद

**– अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा की लेकिन भारत से जुड़ नहीं सके। वह भारत की जनता, भारत की संस्कृति, जीवन मूल्य और परंपराओं से भी नहीं जुड़ पाये।

**– शिवराज सिंह, चौहान कृषि मंत्री**





**हेमन्त** जी को 5 महीनों की जेल जरूर हुई थी पर सत्य की जीत हुई और वो बाहर आये, अन्याय के खिलाफ यह जीत सिर्फ. और सिर्फ. आपके प्यार और समर्थन के कारण संभव हो पाया है।

**–कल्पना सोरेन, विधायक**

# भजन, मुक्ति का मार्ग

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रत्नाकर,** नारद जी के शरणागत हुए। रत्नाकर को मंत्र दीक्षा दी, भजन बताया और कहा ध्यान रखना एक सांस भी रिक्त न जाये। इसके बाद नारद ब्रम्ह लोक में चले गये यानी उन्होंने भी समाधि लगा ली। इधर नारद ने रत्नाकर को लौटकर आने को कहा था। रत्नाकर सांस के भजन के साथ ही उनकी प्रतीक्षा करने लगे। वे उनके ही ध्यान में रहने लगे। उनका हद्य निर्मल और शुद्ध हो चुका था। निरंतर ध्यान में रहने से उन्हें समाधि लग गयी और उनकी समाधि नारद जी की समाधि से अच्छी लग गयी। वह सांस का भजन करता रहा और उनके शरीर पर कीड़ों ने बाल्मिक बना लिया। जब नारद जी पुनः आये तो उनकी समाधि तोड़वाये और कहा कि आपकी समाधि लग गयी आप निज लोक में चले गये। समाधि इतनी अच्छी लगी की कीड़ों ने आपके शरीर पर बाल्मिक बना लिया। आज से आप वाल्मीकि के नमा से जाने जाने जायेंगे। पुनः जब नारद जी आये तो उन्होंने कहा कि आप एक महापुरुष की कथा लिखें मैं उनकी कथा सुना देता हूं। संसार में सबसे बड़ें न्याय एवं धर्म में जो महापुरुष है उनका नाम रामचन्द्र है वे अयोध्यापति महाराज दशरथ के पुत्र हैं। नारद जी ने कहा कि आप उनकी कथा लिखिये। समय आयेगा तो उनसे आपसे भेंट होगी। जब यमुनापर आश्रम बनाकर वाल्मीकि जी रह रहे थे तब वनगमन के क्रम में श्री रामचन्द्र जी उनके आश्रम पर गये थे।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका अध्यात्म यह है कि गुरु शिष्य को खोज लेता है। किसी न किसी बहाने उसे खोज लेता है या बुलवा लेता है। क्योंकि अंधा मुनष्य आंख वाले को कैसे खोज सकता है? **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकाम

## लेटर टू एडिटर

### गलत भाषा

**हाल** ही के दिनों में देश के चुनावी अभियानों में राजनेताओं की अमर्यादित भाषा बेचैन करने वाली है। किसी भी सभ्य समाज में हर जिम्मेदार नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखेगा। नेताओं के शब्दों की अमयार्दा और अशालीनता आजादी के सात दशक बाद भी लोकतंत्र की अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। **– पूनम, रांची**

### बहुआयामी प्रयास

देश में बलात्कार और गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि देश में बलात्कार रोकने के लिए कड़े कानून हैं, अपराधियों को इनका कोई भय नहीं है। अश्लील एप्स और विज्ञापनों पर प्रतिबंध, मानसिकता में बदलाव, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, फास्ट ट्रैक कोर्ट और पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा के साथ-साथ बलात्कार मामलों में वकीलों की भूमिका पर पुनर्विचार आवश्यक है। **– रवि, गढ़वा**

# समाज के विकास की गलत दिशा से बढ़ रही आत्महत्या

**गिरीश्वर मिश्र**

## समस्या

**अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस (10 सितंबर) पर विशेष**

**वैसे** तो आत्महत्या जैसी घटनाओं का विभिन्न संस्कृतियों में लम्बा इतिहास है, फिर भी समकालीन समाज में जिस तेजी से ये लगातार बढ़ रही है वह पूरे विश्व के लिए चिंता का बड़ा कारण हो रहा है। आत्महत्या की दिशा में आगे बढ़ना और उसे अंजाम देना बड़ा जटिल व्यवहार है। यह आर्थिक, पारिवारिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में आ रहे तीव्र परिवर्तन के दबावों से जुड़ा हुआ है। भारत के संदर्भ में आधुनिकीकरण, धर्म की जगह सेकुलर दृष्टि को तरजीह और संयुक्त परिवार का नष्ट होना कुछ ऐसी घटनाएँ हैं जो हमारी सोच को उलट-पलट रहे हैं और व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहार को नियंत्रित संयोजित करने की प्रक्रिया को कमजोर कर रहे हैं। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण आदि ने समाज में विद्यमान एकीकरण या जोड़ने की क्षमता को लगातार कम किया है। अब व्यक्तिगत स्वातंत्र्य को बढ़ावा देते हुए व्यक्ति की निजी इच्छाओं को अधिक महत्व दिया जा रहा है। इन सबके बीच आदमी की बुद्धि, भावना और सामाजिकता सबके बीच संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लोगों के आपसी रिश्ते बेतरतीब हो रहे हैं। सामाजिक-आर्थिक संरचना में बदलाव और बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के साथ लोग कर्ज, शेयर बाजार में गिरावट और गलाकाट व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता जैसी मुश्किलों में उलझते जा रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर नकारात्मक जीवन की घटनाएँ आदमी में विषाद, निराशा और खुद के बारे में नकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रही हैं। इन सबके बीच आदमी सारे कष्टों से मुक्ति के उपाय के रूप आत्महत्या के विचार की ओर आकृष्ट होता है। वह खुद अपने आप से और अपनी दुनिया से पलायन करने को उद्यत होता है। बढ़ते भावनात्मक तनाव के बीच मृत्यु का आकर्षण तीव्र हो उठता है। भावनात्मक कठिनाइयों से लड़ते हुए आदमी का आत्म-नियंत्रण टूटने लगता है। अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कुछ देशों में आयु के साथ आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं तो कुछ देशों में मध्य आयु वर्ग में इसकी प्रवृत्ति सर्वाधिक है तो कुछ में किशोरवय में यह अधिक है। आज आत्मघात करने की मानसिक अवस्था वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य की एक प्रमुख समस्या का रूप ले रही है। एक अनुमान के अनुसार विश्व में होने वाले आत्महत्या के कुल मामलों के 78 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों से आते हैं। मनुष्यों की मृत्यु के कारणों में पंद्रहवाँ आत्महत्या का है। पूरे विश्व में लगभग सात लाख से अधिक लोगों की मृत्यु आत्महत्या के कारण होती है। प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 10.7 आत्महत्या की दर का अनुमान किया गया है। उल्लेखनीय है कि 15-44 वर्ष के आयु वर्ग में आत्महत्या, मृत्यु के तीन प्रमुख कारणों में शुमार है। यद्यपि पुलिस के आँकड़े अपर्याप्त हैं और राष्ट्रीय अपराध रिकर्ड ब्यूरो के प्रदत्त संकलन की विधि भी पूरी तरह से संतोषजनक नहीं है तथापि उनसे पता चलता है कि 25-34 आयु वर्ग में और बुजुर्गों में आत्महत्या के मामले अधिक थे। इसी तरह पुरुषों, खंडित परिवारों, तलाकशुदा लोगों में, अकुशल कामगारों में, निम्न सामाजिक-आर्थिक समुदायों के लोगों में, नकारात्मक जीवन की परिस्थितियों (जैसे-पारिवारिक कलह, वैवाहिक समस्या) से जूझते लोगों में इस तरह की घटनाएँ अधिक होती हैं। आत्महत्या को सीमांत व्यक्तित्व विकृति का एक लक्षण माना गया है। कई मामलों में इसका सम्बन्ध मादक द्रव्य और पदार्थों के सेवन से भी जुड़ा पाया जाता है। इसे खानपान, चिंता, अवसाद, द्विछोरी (बाई पोलर) विकृति तथा त्रासदी उपरांत विकृति (पीटीएसडी) से भी जुड़ा पाया गया है। इसकी व्याख्या करते हुए प्रसिद्ध समाजशास्त्री दुर्खाइम ने समाज और संस्कृति की भूमिका पर बल दिया था।

# झारखंड के विकास का संकल्प अधूरा है योग्य उम्मीदवार को ही विजयी बनायें

**- रामलखन सिंह**

## राजनीति

**2004** को जब लोक सभा का चुनाव हो रहा था, कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार का० भुनेश्वर प्रसाद मेहता थे। मैं अथक प्रयास से उन्हें विजयी बनाने का वातावरण बना चुका था। श्री मनोज यादव भी उनके समर्थन में इस शर्त पर आये थे कि रामलखन सिंह को विधान सभा चुनाव में टिकट नहीं देना है। श्री मेहता ने स्वीकार कर लिया। 2004 के विधान सभा चुनाव में टिकट से मुझे वंचित कर दिया गया। चुनाव के वक्त मैं कोडरमा स्टेशन के नजदीक 15-20 लोगों के साथ बैठा हुआ था। कुछ लोगों ने मुझसे पूछा कि अभी चुनाव का वक्त है। आप क्यों व्यर्थ समय बिता रहे हैं ? मैंने जवाब दिया मुझे टिकट नहीं मिला है। उनलोगों ने कहा कि आपको टिकट की कमी नहीं है। आप संघर्षशील और लोकप्रिय हैं। आप को कोई भी दल टिकट दे सकता है। उनलोगों ने आगे कहा कि श्री रामविलास पासवान उम्मीदवार खोज रहे हैं। मैंने उन्हें कहा कि मैं दूसरी पार्टी से चुनाव नहीं लड़ूंगा। तब भी उनलोगों ने रामविलास पासवान से फोन लगाकर मेरी बात करा दी। वे अपने दल से लडाने हेतु बहुत जोर लगाये। मुझे दिल्ली बुलाया गया। दरवाजे पर पहुंचने पर वे स्वागत कर अंदर ले गये और अपने दल से चुनाव लड़ने का आग्रह किया। चुनाव खर्च देने के साथ ही पांच बार हेलीकॉप्टर से आकर मेरे क्षेत्र में प्रचार करने का वचन भी दिया। वे मुझे चुनाव जीताकर अपनी पार्टी का विस्तार और मजबूती चाहते थे। मैं मात्र विधायक बनने के लिए अपने सिद्धांत से समझौता नहीं कर सकता था, पार्टी बदल नहीं सकता और अपनी जिद्द पर अड़ा रहा। मैंने अपने पुत्र योगेन्द्र प्रताप सिंह को चुनाव में लड़वाने की पेशकश की। तब उन्होंने मुझे पटना बुलाया और अपने दल के लोगों से बात की। श्री नरेन्द्र सिंह ने उनसे कहा कि ये सैद्धांतिक व्यक्ति हैं, ये दल नहीं बदलना चाहते। अतः इनका बेटा चुनाव लड़ेगा और इनके प्रभाव से विजयी होगा। योगेन्द्र को उम्मीदवार घोषित किया गया और उसके नाम से पार्टी का सिम्बल भी एलौट कर दिया गया। लेकिन योगेन्द्र लॉ का अंतिम इम्तिहान दे रहा था जिस कारण वह भी चुनाव नहीं लड़ सका। परिणाम यह हुआ कि यह क्षेत्र ऐसे दो लोगों के चंगुल में फंस गया जो यहां की शांति, सौहार्द्र और भाईचारा को समाप्त करते चले गये । अपराध अं हत्याओं का दौर चला। यह इलाका कत्लगाह के रुप में परिणत हो गया है। इस क्षेत्र के जंगल को उजाड़व इसे मरुभूमि में तब्दील कर दिया गया है।

वर्तमान विधायक श्री उमाशंकर अकेला को 2009 में मेरा पुत्र योगेन्द्र ने मदद कर जिताया था अं 2019 में मैंने मदद कर जिताकर अब उसके काले कारनामों के कारण हम दोनों पश्चाताप की अग्नि में ज रहें हैं। अभी चौपारण के जंगलों को श्री उमाशंकर अकेला और उनका पुत्र रवि शंकर अकेला, दोनों पिता-पु मिलकर उजड़वाकर गांजा, भांग, अफीम और शराब का उत्पादन कर, राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय गिरोहों के सा मिलकर करोड़ों का अर्जन कर रहें हैं। ये बाहरी लोगों को अवैध तरीके से जंगल का पट्टा भी दिला रहें है श्री मनोज यादव तथा श्री उमाशंकर अकेला दल-बदलकर बारी-बारी से विधायक बनकर बरही क्षेत्र विनाश के गर्त्त में डाल चुके हैं। इन दोनों से मुक्ति पाने का एक मात्र मार्ग है, दोनों को बाहर का रास दिखाकर बरही के धरती पुत्रों के पक्ष में मतदान कर उनमें से योग्यतम व्यक्ति को विधायक बनाना । जो इ क्षेत्र में शांति, सौहार्द्र, भाईचारा को पुनः ला सके। यहां के जल, जंगल, जमीन और जमीर की रक्षा कर इ कत्लगाह और मरुभूमि बनने से बचा सके। मेरा संकल्प अधूरा है, जो बरही के धरती पुत्र को विधायक बना से ही पूरा हो सकता है।अतः आप महान मतदाओं से निवेदन है कि 2024 के चुनाव में बरही के धरती पुत्र को ही विधायक बनाने की दिशा में काम करके झारखंड के विकास को गति जिसके लिये झारखंड का निमार्ण हुआ था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

एक नजर में

## गणेश पूजा महोत्सव की धूम

**चरही।** चरही चौक में शनिवार को देर शाम को पांच दिवसीय चलने वाले गणेश पूजा महोत्सव कि शुरूआत विधि -विधान के साथ पूजा -अर्चना कर शुरूआत किया गया। चरही चौक में बने गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन पूजा कमेटी के अध्यक्ष ललालचंद महतो, एवं कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पूजा कमेटी के लोगों ने गणपति बप्पा का दर्शन कर क्षेत्र का मंगल कामना मांगा। उसके बाद भारी संख्या में श्रद्धालु बारी- बारी से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश का दर्शन किए। पूजा कमेटी के द्वारा श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए बिरसा ग्राउंड में डिज्नीलैंड मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आचार्य चेतन पंडित, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, अध्यक्ष लालचंद महतो, उपाध्यक्ष सतीश साहू, उपाध्यक्ष निर्मल ठाकुर, सत्येंद्र नारायण सिंह, विनोद ठाकुर, गौतम सोनी, संतोष कुमार, उपसचिव अर्जुन करमाली, बिरजू ठाकुर, अनिरुद्ध प्रकाश ठाकुर, समाज से भुवनेश्वर ठाकुर, अजीत सिंह, उमेश सिंह, रोहण ठाकुर, किट्टी ठाकुर, समेत पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**चरही।** चूरचु प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हेदेंगडा पंचायत भवन के सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता चूरचु प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और संचालन पूर्व उप प्रमुख सह पूर्व विधायक प्रतिनिधित चौलेशवर महतो ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी राजमोहन तुरी,कृषि प्रभारी पदाधिकारी कांशी नाथ गुप्ता,हेदेंगडा पंचायत मुखिया गिरजा कुमारी पंचायत समिति सदस्य मालती देवी उप मुखिया दशरथ महतो प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी चूरचु आशोक राम,खेमलाल महतो, भुवनेश्वर तुरी,राजेशराम,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चूरचु कार्यालय के प्रखंड एंव अंचल चूरचु मुख्यालय के पदाधिकारीगण पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## गणेश यादव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से की मुलाकात

**बरही।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान गणेश यादव ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बुके देकर स्वागत किया और उनका सम्मान किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। गणेश यादव, जो खुद बरही क्षेत्र में भाजपा के मजबूत नेता माने जाते हैं, उन्होंने मंत्री के साथ आगामी चुनावों की रणनीति और स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य पर बातचीत की। बैठक के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों, जनता की समस्याओं और विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श हुआ। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी चुनावी तैयारियों को लेकर अपने सुझाव दिए और पार्टी की मजबूती के लिए संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ग्राम ओरपरता एवं विजैया पंचायत के ग्राम मोनाटांड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, कैलाश यादव, पंचायत समिति बिहारी यादव, पूजा अध्यक्ष समाजसेवी राजेश यादव, रामचंद्र यादव, किशुन राणा, युवराज यादव, मुकेश यादव, मनोज यादव, अनिल यादव, द्वारिका यादव, पोखराज यादव, मोहन यादव, सुभाष यादव, सकलदेव यादव, महेंद्र यादव, गंगो राणा, पिंटू राणा, राजो राणा, प्रदीप राणा, कुलदीप रजक, राजू राणा, राहुल यादव, देवेंद्र यादव, छत्रु यादव, जीतन राणा, पूना राणा, केदार राणा, जागो यादव, दिनेश राणा, किरपाली सिंह, नारयण सिंह, जीतन राणा, रामदेव यादव, जीवलाल राणा, प्रकश यादव, नंदलाल राणा, पूर्व मुखिया लालमणि यादव, सीताराम रजक, द्वारिका राणा, कैलाश यादव, अनिल राणा, ग्यानी दास, विकाश राणा, सुनील यादव, प्रयाग सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण सम्मिलित हुए।

## ग्रामीण खेल शिविर का हुआ समापन

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के अंतर्गत सीएसआर गतिविधियों के तहत आयोजित 15 दिवसीय आवासीय ग्रामीण खेल प्रशिक्षण शिविर (कबड्डी) का सोमवार को समापन हुआ। यह शिविर 25 अगस्त 2024 से 08 सितंबर 2024 के बीच आयोजित किया गया। जिसमें 12 बालक और 12 बालिकाओं सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शिविर का उद्देश्य कमांड क्षेत्र के किशोर एवं युवा खिलाड़ियों को निखारना और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन एक ट्रायल के माध्यम से किया गया। जिसमें 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### चरही बाजार की जमीन को लेकर है विवाद, पूर्व अभिकर्ता का आरोप

# वन विभाग की जमीन पर भी अवैध रूप से कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही बाजार की भूमि अपनी नहीं है। इस बाजार के पूर्व अभिकर्ता जीतू ठाकुर और वर्तमान अभिकर्ता दिनेश्वर रविदास ने वर्ष 9 अगस्त 2010 को कृषि उत्पादन बाजार समिति के सचिव को आवेदन दिया था। जिसमें लिखा है कि चरही बाजार की भूमि का सीमांकन का कागजात नहीं है। इसी के समीप वन विभाग की जमीन पर कई लोगों की अवैध रूप से कब्जा है। दोनों अभिकताओं ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय पथ की भूमि को भूमि पर कब्जा किया गया है। जिस कारण बाजार की भूमि नहीं के बराबर है। जिस कारण दुकानदार इस बाजार में नही आते हैं और मासुल कि वसूली भी नहीं हो पाती है। जिसके कारण बाजार के मासुल होते हैं। किसके लिये संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन के माध्यम से जानकारी दी गई।लेकिन इस अब तक कोई पहल नहीं किया गया। लेकिन यह भी बताया जाता है कि बाजार की भूमि 40 डिसमिल थी। जिसमें 20 डिसमिल जमीन एनएचआई में चली गई। बाकी जमीन वन विभाग है।

इस जमीन पर तापस सोरेन का स्मारक और मुसलमानों का वर्षो से कर्बला बना हुआ है। कुल मिलाकर बाजार की भूमि केवल पांच डिसमिल ही बची है। बताया जाता है कि इसी बाजार के समीप चरही निवासी आदिवासी गोविंद भोगता पिता स्व. फिरंगी गंझु की जमीन है। इसके अलावे सरकारी खास भूमि की बंदोबस्ती है। फिर भी मेरे जमीन पर बाजार के अभकर्ता कब्जा करने के फिराक में हैं। जबकि दोनों की भूमि की रसीद ऑनलाइन कट रही है। जिसका दखलकार गोविंद भगता का कहना है कि मैं अपने जमीन को किसी को कब्जा नहीं होने दूंगा। अगर हमारे साथ ना इंसाफी हुई तो सह परिवार चरही थाना के समक्ष आत्म दाह कर लूंगा।जिसकी सारी जावदेही जिला प्रशासन की होगी।

**बाजार की भूमि के सीमांकन का नहीं है कागजात**



### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने की प्रेस वार्ता, कहा

# क्रीमी लेयर में काफी पिछड़ा है आदिवासी समाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने सोमवार को हजारीबाग जिला समाहरणालय में अपराह्न 04:30 प्रेसवार्ता का आयोजन किया।
प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी टीम के साथ हजारीबाग की बालक व बालिका कॉलेज हॉस्टल जांच करने पहुंची थी। कहा कि इन दोनों हॉस्टलों की स्थिति दयनीय है। आदिवासी बालक छात्रावास के छात्र वहा के टॉयलेट को रीडिंग रूम बना के रखे हुए हैं। लोगो को जाने के लिए टॉयलेट तक नहीं है। १९६०-६१ में इस हॉस्टल का निर्माण हुआ था , ये भवन एकदम जर्जर है। कभी भी ये भवन गिर सकता है, हादसा हो सकती है। हॉस्टल में ना सफाईकर्मी है, ना कुक है और नाही सुपरिटेंडेंट हैं। भगवान भरोसे यह हॉस्टल चल रहा है। कल्याण विभाग का हॉस्टल अधर में लटका हुआ है। जहां तक आदिवासी छात्राओ की हॉस्टल की बात है तो वहां कैपेसिटी से अधिक लड़कियां है। बिजली, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। भवन जर्जर है। वार्डेन रहती नहीं हैं। जिला प्रशासन, कल्याण विभाग ने इन बच्चो को ध्यान में रखकर कोई योजना नहीं बनायीं है। यही कारण है कि ये आदिवासी बच्चे कष्ट में जीने को मजबूर हैं। कहा कि आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर उन्होंने आदिवासी समाज के साथ बैठक की। हजारीबाग जिले में जमीन की लूट मची है। आदिवासी समाज की जमीने लूटी जा रही है। इसमें ब्लॉक के सीओ भी शामिल थे। आदिवासी पलायन को मजबूर है। इस गंभीर मुद्दे पर हमने जिला प्रशासन से बात की है। आदिवासी समाज हर क्षेत्र मे पिछड़ा है । आंगनबाड़ी सेंटर को छोड़ दे तो बुनियादी सुविधाएं जैसे आवास, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वस्थ्य आदि पर इन लोगो का वैसे विकास नहीं हुआ है जैसा होना चाहिए था। आदिवासी समज क्रीमी लेयर में काफी पिछड़ा हुआ है। हमलोगो ने जिला प्रशासन से इन सब बातों पर विशेष ध्यान देने की आग्रह की है।



प्रेस वार्ता करती डॉ आशा लकड़ा

# मां सती आरोग्य हॉस्पिटल का उद्घाटन

### 24 घंटे सातों दिन मरीजों के लिए इलाज की व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल टाटीझरिया एनएच 522 के समीप मां सती आरोग्य हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि तिवारी महतो, टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, स्थानीय पंचायत मुखिया सुरेश यादव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल के हाथों रिबन काटकर किया गया। उद्घाटन में अतिथियों ने कहा की टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गांवों के मरीजो के परिजनों को छोटी छोटी बीमारियों के इलाज करवाने को लेकर जिला अस्पताल ले जाया करते थे। जो दूरी होने के कारण काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता था । अब यह हॉस्पिटल खुलने से क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए सहूलियत मिलेगा यह जानकारी निर्देशक गौरव चौधरी,मनीष चौधरी प्रभात कुमार चौधरी ,प्रबंधक राहुल कु. मिश्रा ने दिया । उन्होंने यह भी कहा की इस हॉस्पिटल में 24 घंटे सातों दिन हरेक रोग के मरीजों को इलाज के लिए उचित शुल्क लिया जायेगा तथा योग्य चिकित्सक (डॉक्टर) द्वारा इलाज की व्यवस्था उपलब्ध है।




मां सती आरोग्य हॉस्पिटल

## डायबिटीज अवेयरनेस एवं निःशुल्क ब्लड जांच शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में सोमवार को ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में डायबिटीज अवेयरनेस और ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

## क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाये रखना मेरी पहली प्राथमिकता : निर्भय



भुरकुंडा ओपी के नये प्रभारी निर्भय गुप्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी के नये प्रभारी के रूप में निर्भय कुमार गुप्ता ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने निवर्तमान ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार का स्थानांतरण रामगढ़ पुलिस केंद्र कर दिया है। नये ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता 2018 बैच के एसआई हैं। इसके पूर्व वे चाईबासा जिला में पदस्थापित थें। ओपी प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र की जनता बेखौफ होकर अपनी समस्याओं को ओपी में रखे।

# अफीम कोठी में धूमधाम से मना गणेश महोत्सव



उद्घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य

**बरही।** बरही के अफीम कोठी में सार्वजनिक गणेश पूजा समिति द्वारा धूमधाम से गणेश पूजा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में भक्तों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और पूरे वातावरण में भक्ति की छटा बिखर गई। इस मौके पर मुख्य संरक्षक और पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संरक्षक मुखिया समशेर आलम, अभिषेक निषाद, अध्यक्ष अजित कुमार दास, सचिव सुभाष कुमार रविदास और कोषाध्यक्ष अशोक राम, राज आर्यन उर्फ छोटी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पूजा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें क्षेत्र के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

## भव्य भंडारे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**कुजू।** श्री गणेश महोत्सव को लेकर सेवटा तालाब में रविवार की देर शाम पूजा समिति द्वारा वाराणसी के तर्ज पर पहली बार मां गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस बीच हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओ ने घंटों अयोजित आरती में पहुंचकर गंगा आरती का दर्शन किया। वहीं आरती में दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु भक्ति गायन में बड़े ही उत्साह के साथ झूमते नजर आए।

# गांव-गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना उद्देश्य : अंबा प्रसाद

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पाली, सीसीएल सौंदा और बुधबाजार ईमलीगाछ पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। तीनों जगहों पर लगे शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व ईमलीगाछ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुखिया चंद्रावती ठाकुर व मुखिया प्रतिनिधि जानकी ठाकुर द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने ग्रामीणों को विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का समाज के हर गांव हर व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के साथ हर पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक यह चौथा साल है। विधायक ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत अब 18 साल के युवतियो को भी राशि मिलेगी। शिविर में पतरातू प्रखंड, अंचल कार्यालय सहित संबंधित विभागो के कई स्टाल लगाए गए थे। शिविर में राशन कार्ड, मंईयां सम्मान योजना, वोटर कार्ड, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आवासीय आदि प्रमाण-पत्र के लिए सैकडो फार्म भरा गया। शिविर में विधायक अंबा प्रसाद ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। वहीं कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद द्वारा गोदभराई और बच्चे के मुंहजुट्ठी रस्म भी निभाई गई। वहीं रिवर साईड भुरकुंडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर कृष्णा रजक द्वारा कई ग्रामीणों लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए खाता भी खोला गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, विनोद साव, चंदन, इमरान अंसारी, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सुमित अम्बष्टा, रामशरण गिरी, संतोष उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।



शिविर का उद्घाटन करतीं विधायक अंबा प्रसाद, बीडीओ मनोज गुप्ता व मुखिया

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(समाज कल्याण शाखा)

::आम सूचना::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0–2103 दिनांक–30.08.2024 में निहित आदेश के आलोक में विभागाधीन पूर्व में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका–सह–पोषण परामर्शी (पोषण सखी) की पुनर्बहाली की जानी है।

उक्त परिपेक्ष्य में परियोजनान्तर्गत कार्यरत रही पोषण सखी की सूची प्रारुपित करने के निमित्त निम्न प्रतिवेदन वांछित है–

क) वित्तीय वर्ष 2022–23 तक नियमसम्मत रुप से चयनित

ख) वित्तीय वर्ष 2022–23 में कार्यरत

ग) पुनर्बहाली (निर्धारित शर्त्तो के तहत्) हेतु इच्छुक, स्वस्थ तथा 60 वर्ष से कम आयु की उक्त कंडिका–ख में वर्णित पोषण सखी

जिलान्तर्गत पूर्व में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका–सह–पोशण परामर्शी (पोषण सखी) संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में वांछित उक्त दस्तावेज यथाशीघ्र समिर्पित करेंगें।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा।

PR 335161 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक,रामगढ़ कैन्ट,
जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई–मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

एस0बी0डी0 आधारित अति–अल्पकालीन
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– RCD/RAMGARH/ 672 /2024-25
(4th Call) दिनांक :– 06-09-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work of Patratu to Saunda 'D' Road from KM 0.00 to 11.35 Under Road Divison, Ramgarh for the of Year 2023-24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 6,17,06,862.00 (छः करोड़ सतरह लाख छः हजार आठ सौ बासठ) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03(तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 12/09/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21/09/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

- निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को UCAN से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
- Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 335166 Road(24-25).D

जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

अति अल्पकालीन सीमीत डाक से बन्दोबस्ती

एतद् द्वारा छत्तरपुर अंचल अन्तर्गत छत्तरपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, मसिहानी, छत्तरपुर एवं बैरियाडीह करमाकला जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, छत्तरपुर तथा चैनपुर अंचल अन्तर्गत शाहपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, चैनपुर एवं विस्थापित रानीताल जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, चैनपुर को सूचित किया जाता है झारखण्ड सरकार सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410/रॉंची, दिनांक 29/06/2011 के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉंची के निर्णय के आलोक में करमा जलाशय एवं रानीताल जलाशय की बन्दोबस्ती सीमीत डाक से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में दिनांक 20/09/2024 को दिन के 12:00बजे अपराह्न में किया जायेगा।

अतः आप सभी समितियों से अनुरोध है कि बन्दोबस्ती हेतु बन्दोबस्ती से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों के साथ अवश्य भाग ले जिसमें सभी समितियों की उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा उपस्थित समिति के साथ बन्दोबस्ती कर दी जायेगी तथा अनुपस्थित समिति इसके लिए स्वंय पूर्ण जिम्मेदार होगी और बाद में इसके संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा एवं अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

समिति डाक में भाग लेने हेतु आवश्क कागजात इस प्रकार है :–

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत समिति के सदस्यों की सदस्य सूची।

सीमित डाक हेतु जलकरों की विवरणी।

| क्र. सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | खाता सं0 | खेसरा सं0 | जलक्षेत्र (ए0 में) | अग्रधन राशि | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | करमा जलाशय | करमाकला | छत्तरपुर | 32 | 262, 266, 282, 343 | 3.00 | 2750.00 | 27500.00 | |
| 2 | रानीताल जलाशय | रानीताल | चैनपुर | – | 2,3,6,7,8 | 5.11 | 3500.00 | 35000.00 | |

डाक के आवश्यक शर्तें निम्नांकित है :–

1. सीमित डाक में भाग लेने वाले सभी समितियों के सदस्यों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 335158 District (24-25)_D

स्पीड न्यूज

### 37 लीटर महुआ शराब जप्त, एक गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा पुलिस के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार की सुबह लगभग सात बजे गिरिडीह-कोडरमा सींगपुर क्रेसर मंडी के समीप पुलिस गस्ती के दौरान मोटरसाइकिल संख्या जेएच 12 जे-3108 से सप्लाई के लिए ले जा रहे लगभग 37 लीटर महुआ शराब व मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान 26 वर्षीय प्रकाश मेहता पिता भिखा मेहता साकिन पचगावां थाना डोमचांच निवासी के रूप में की गई। गिरफ्तार युवक को उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया।

### महिला पुलिस ने सेक्रेड की छात्राओं को किया जागरूक

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी ने छात्राओं को गुड टच, बैड टच समेत कई बातों की जानकारी दी। वहीं उन्होंने टोल फ्री नंबर 112 पर महिला अपराध से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी दिए जाने की बात कही। उन्होंने बच्चियों को सोशल मीडिया से सावधान रहने, फेसबुक, व्हाट्सएप से दूर रहने, अनजान आदमी का फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और साइबर फ्रॉड की जानकारी दी। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1930, चाइल्डलाइन हेल्प नंबर के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। इसके अलावा चाइल्ड मैरिज और ट्रैफिक रूल्स की जानकारी दी। पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर और किसी तरह की शिकायत होने पर इस नंबर पर कॉल करने की बात कही। वहीं बच्चों ने भी बहुत सारे सवाल पूछे, जिनका उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने भी बच्चों से सवाल पूछे जिनका जवाब बच्चों के द्वारा बखूबी दिया गया। मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार, संजय तिवारी, शशि राज, रणजीत सिंह समेत सभी छात्राएं मौजूद थी।

### ईद मिलादुन्नबी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ईद मिलादुन्नबी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर तिलैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। वहीं थाना प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में ईद मिलादुन्नबी को लेकर झुमरी तिलैया शहर में निकलने वाली जुलूस के संबंध में कई बातों पर चर्चा हुई और कहा गया कि त्योहार के दिन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाए। यह भी कहा कि त्यौहार में युवाओं की भीड़ अधिक रहती है, ऐसे में यह जरूरी है कि पुलिस बल पर्याप्त संख्या में हो। समिति सदस्यों के सुझाव पर थाना प्रभारी विनय कुमार ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी भाई सारे के साथ आपस में मिलजुल कर मनाएं। बैठक में अनवर उल हक, हाजी गुलाम जिलानी, अरशद खान, संजय यादव सहित विभिन्न समुदायों के लोग मौजूद थे।

### वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गम्भीर, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना के समीप वाहन की चपेट में आने जाने से 35 वर्षीय युवक जहानाबाद बिहार निवासी राजू कुमार सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक सदर अस्पताल में कमांडो सिक्युरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। घटना के सम्बां में मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोडरमा बाजार से वापस सदर अस्पताल लौट रहा था, इसी दौरान ट्रक एपी35डब्लू-7211 ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। वहीं स्थानीय युवकों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां इलाज के बाद उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## पुलिस ने किया धनगड्डा हत्याकांड का खलासा

# पिता ने ही रची थी बेटी के आशिक की हत्या की साजिश, आठ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** टंडवा पुलिस ने धनगड्डा निवासी हेमराज साव और आकाश कुमार के अपहरण और हत्याकांड का खुलासा किया है। हत्याकांड में शामिल मास्टरमाइंड का सहयोगी हनीट्रैप करने वाली दो महिलाओं समेत 8 अपराधियों को टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।हत्याकांड में प्रयुक्त देशी पिस्टल, देशी कट्टा, जिंदा गोली और दो कार जब्त की गई हैं। चतरा एसपी विकास पांडे के निर्देश पर टंडवा डीएसपी प्रभात रंजन बरवार द्वारा गठित टंडवा और पिपरवार थाना प्रभारी की संयुक्त टीम को कांड उद्भेदन में बड़ी कामयाबी मिली है। धनगड्डा के ही रहने वाले नाबालिग लड़की के पिता ने अपनी बेटी के आशिक आकाश को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की साजिश रची थी।

हनी ट्रैप करके लड़के को कोडरमा घाटी जंगल में ले जाकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। हत्याकांड में शामिल एक रिटायर्ड डीएसपी का बेटा मास्टरमाइंड था जिसका पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**कोडरमा।** पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक के निर्देश के आलोक में जिले के नागरिकों के शिकायतों के त्वरित निष्पादन करने को लेकर 10 सितंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि नागरिकों के शिकायतों को त्वरित और प्रभावी ढंग से निराकरण करने तथा पुलिस जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विभागीय निर्देश के आलोक में 10 सितंबर मंगलवार की सुबह 11 बजे से जिले के अलग अलग क्षेत्रों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन कोडरमा, पंचायत भवन शिवपुरी सतगावां और पंचायत भवन पूर्वी जयनगर में आयोजित किया गया है। वहीं एसपी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन नागरिकों को किसी तरह की समस्या हो और पुलिस से मदद चाहते हैं तो सम्बंधित क्षेत्र की जनता सम्बंधित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में अवश्य शामिल हो, पुलिस आपकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास करेगी।

## फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनेगी सरकार : जानकी यादव

### झामुमो बेको पंचायत समिति का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा (जयनगर)।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जयनगर पंचायत बेको के पंचायत भवन परिसर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमिटी गठन को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह एवं संचालन प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने किया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड, पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने पुरुष एवं महिला मोर्चा पंचायत कमिटी का गठन किए। जिसमें महिला-पुरुष में पंचायत अध्यक्ष सुभाष यादव, पिंकी राणा, सचिव पाचु लाल, सरिता देवी, कोषाध्यक्ष अर्जुन दास, माया देवी, उपाध्यक्ष मंदीप कुमार यादव, मीना देवी, संगठन सचिव सलीम अंसारी, पूजा देवी, गुड़िया देवी, संयुक्त सचिव भुनेश्वर उर्फ़ चरका यादव, परमेश्वर यादव, माया देवी तथा कार्यकारिणी सदस्य में बंसी यादव, राजकुमार यादव, सूर्यदेव बढई, इदरीश अंसारी, चानेश्वर यादव, शायमसुन्दर यादव, सुदामा दास, जितेंद यादव, महेंद्र यादव, बबून यादव, रामि चौधरी, लक्ष्मण यादव, ललन यादव, जगदीश यादव, अर्जून दास, महिला कार्यकारिणी सदस्य में करुणा देवी, कलावती देवी, सुषमा देवी, अनिता देवी, फूलवंती देवी, बेबी देवी, अनार देवी को बनाया गया है। इस अवसर पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। वहीं इस अवसर पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना ने प्रदेश की जनता को काफी राहत पहुंचाई है। महिला बुजुर्ग और नवजवान के हित में कई जनकल्याकारी योजनाएं लागू की गई है। पूर्व विाायक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, जल्द ही राज्य में विाानसभा चुनाव होने वाला है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयारी में जूट जाएं, ताकि पुनः राज्य में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनें। आने वाले दिन में बरकट्ठा विाानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ती मोर्चा के परचम लहराया जायेगा। मौके पर महावीर यादव, मनोहर चौधरी, सुरेश सिंह, चंद्रशेखर, रविदास, तुलसी यादव, जगदीश यादव, बैजंती देवी, राधिका देवी, मिना देवी, आरती देवी, सखिया देवी, कंचन देवी, रुमाली देवी, चन्द्रिका देवी आदि लोग मौजूद थे।

### समाज की एकता अखंडता व सबलता पर बृहद चर्चा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जय राजपुताना समाज मरकच्चो जोन की बैठक रविवार शाम पश्चिम मुहल्ला स्थित अनील सिंह के आवास में कई गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मरकच्चो बिजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन समाजसेवी शम्भु कुमार सिंह ने किया। बैठक में समाज की एकता अखंडता व सबलता पर बृहद चर्चा की गयी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मरकच्चो जोन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष शतीस सिंह, मनोज सिंह, अनेश्वर सिंह, रामकृपाल सिंह, बीरबल सिंह का चयन किया गया। वहीं सचिव शम्भु कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष उमेश सिंह का चयन किया गया। वहीं संरक्षक के रूप में प्रमुख विजय कुमार सिंह, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह, कुंवर सिंह, सहदेव सिंह, कामदेव सिंह को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोज सिंह, बैजनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, सकलदेव सिंह, वकील सिंह, अवधेश सिंह, संदीप सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, महेंद्र सिंह, सुनील सिंह, उपेंद्र सिंह, नारायण सिंह, दिनेश सिंह, विनोद सिंह को बनाया गया।

## पुत्र के हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर अनिश्चितकालीन धरना




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जयनगर थाना कांड संख्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को जयनगर थाना क्षेत्र के कटिया निवासी दिलीप कुमार यादव समेत अन्य परिजनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हो गया है। धरना में बैठे कटिया निवासी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि बीते 15 अगस्त को मेरे 17 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की हत्या कर दी गयी, घटना को लेकर जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया गया, परन्तु पुलिस मामला दर्ज करने के बाद कोई कार्रवाई नही किया गया, जयनगर पुलिस इस मामले में लीपापोती करना चाह रही है, जिसके बाद एसपी कार्यालय में 20 अगस्त को पुनः एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी, परन्तु कोई कार्रवाई नही हुई। वहीं मृतक के पिता ने कहा कि बाध्य होकर वे अपने परिजनों के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को मजबूर हो गए। वहीं उन्होंने कहा कि जब तक मेरे पुत्र के हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

### लंबित आवेदनों को प्राथमिकता देकर निष्पादित करें

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाए जा रहे शिविरों में अब तक प्राप्त आवेदनों और उसके निष्पादन की जानकारी ली। बैठक में प्रखण्डों के बीडीओ द्वारा बताया गया कि शिविरों के माध्यम से जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, पशुधन योजना, आयुष्मान कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, विभिन्न प्रकार के पेंशन समेत अन्य योजनाओं से सम्बंधित प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। इस पर उपायुक्त ने प्रखंडों के बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा की शिविरों के मायम से प्राप्त हो रहे आवेदनों को प्राथमिकता के स्तर से कार्रवाई करें और सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें, यह सुनिश्चित करें कि योग्य लाभुक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा करते हुए लम्बित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कर योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने आदि का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंडों के बीडीओ के अलावे डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, डीपीओ अनूप कुजूर, डीआईओ सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

### हेमंत सरकार की योजनाओं का जनता को मिल रहा लाभ : रविंद्र

**कोडरमा।** झारखंड की जनता के अनुरूप एवं केंद्र बिंदु में रखकर हेमंत सरकार एक से एक बढ़कर कल्याणकारी योजनाएं बना रही है तो वहीं दूसरी ओर उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं डीडीसी ऋतुराज की कुशल नेतृत्व में जिला व प्रखंड प्रशासन जरूरतमंदों तक पहुंचाने में दिन रात प्रयासरत है। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित इंडिया गठबंधन दल की कार्यकर्ताओं का भी सकारात्मक योगदान देखा जा रहा है। वहीं जरूरतमंद भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविरों में आवेदन कर रहे हैं फोन में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त बातें जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण करने के पश्चात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रविंद्र शांडिल्य पूर्व प्रत्याशी विाानसभा कोडरमा झामुमो ने कही।

### लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों व योजनाओं के स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण

## योजनाओं के नाम पर ठगी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा : डीसी

### विशेष शिविर का आयोजन 22, 27, 276 रुपया के योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर के योगियारा, सिजुआ, लावालौंगे के कोलेकला, हंटरगंज के जोरीकला, सलैया, कान्हाचट्टी के कैंडीनगर, चतरा के ब्रहमणा, ईटखोरी के धनखेरी, सिमरिया के बन्हे, बानासाड़ी, टण्डवा के गाड़ीलौंग, टण्डवा, मयुरहंड के बेलखोरी, गिद्धौर के द्वारी पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनों को जागरूक किया गया। पत्थलगडा प्रखण्ड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मेराल में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के उपायुक्त रमेश घोलप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का शिलान्यास, ग्रामीणों से संवाद, और लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम पायदान पर और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करना था। डीसी रमेश घोलप ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने घोषणा की है कि लोगों को अब कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि सरकार उनके घर तक पहुँचेगी और योजनाओं के लिए आवेदन लेकर उन्हें लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में अबुआ आवास योजना में लेन-देन की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जाँच के बाद पंचायत सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि अगर कोई योजनाओं के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो उसे पैसे न दें और बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें। इस विशेष शिविर में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित कई अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के 10 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई यथा 03 बिरसा सिंचाई कुप, 03 डोभा, 04 मेढ़बंदी जिसकी कुल प्राक्कलित राशि 22, 27, 276 रुपए है।

### गणेश पूजन का भव्य विसर्जन समारोह संपन्न

**चंदवारा (कोडरमा)।** विद्यार्थी कलश संस्थापक अनिल पांडे द्वारा गणेश पूजन का भव्य विसर्जन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें कई श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। वहीं विसर्जन समारोह में कांग्रेस जिला महासचिव आशीष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उनके द्वारा विधिवत तरीके से गणपति विसर्जन संपन्न किया गया।गणेश पूजन का आयोजन ाार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था। इस दौरान भक्तों ने गणपति बप्पा की स्तुति की और उत्सव के दौरान कई धार्मिक और सांस्तिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। अनिल पांडे ने अपने संबोान में कहा, यह आयोजन हमें एकजुट होकर समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## एक नजर में

### सड़क टूटने से आठ गांवों का संपर्क कटा ग्रामीणों ने किया मतदान बहिष्कार का ऐलान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के सग्रामपुर कला से हिंदिया गाँव को जोड़ने वाली सड़क लगातार बारिश के कारण पूरी तरह से टूट गई है, जिससे आठ गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है और विभागीय स्तर पर किसी ने भी अभी तक इस पर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने एक महीना पहले ही श्रमदान कर सड़क को आवागमन योग्य बनाया था, लेकिन इस बार ज्यादा बारिश के कारण सड़क पूरी तरह से नदी में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का मन बना लिया है और उनका कहना है कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे चुनाव में वोट नहीं देंगे। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द रास्ता ठीक करने की मांग की है और कहा है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रखंड से लेकर जिला तक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश यादव ने बताया कि पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन हजारीबाग द्वारा इस सड़क को बनवाया जा रहा था, लेकिन कोरोना काल से ही सड़क में काम बंद है और विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी पंचायत भवन परिसर में सोमवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया जगदीश यादव समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम नियोजन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, आंगनवाड़ी, सर्वजन पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, समेत कई स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में कुल 1339 आवेदन प्राप्त हुए। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों को तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया। शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी बालेश्वर प्रसाद यादव सहित कई ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवादाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पपलो पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिंधनियां में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ परमेश्वर कुशवाहा, मुखिया चिंता कुमारी, समाजसेवी दशरथ यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, खाद्य सुरक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन, मनरेगा, राजस्व, दीदी बाड़ी, स्वास्थ आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 1027 आवेदन प्राप्त हुए। कुछ आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। मौके प्रदीप शर्मा, लेखराज कुमार, राजेश कुमार यादव, अजित कुमार साव, अरविंद कुमार, कृष्णा सिंह, बीएफटी संजय राम समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने की मासिक बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में मासिक बैठक की गयी। जिसमें यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डॉ. रमण ने प्रयोगशाला प्रावैधिक को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मरीजों को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो, वजन कम हो रहा हो, धीमा बुखार की शिकायत हो अथवा बलगम से खून आने की शिकायत हो तो ऐसे मरीजों को यक्ष्मा का संदिग्ध मरीज मानते हुए ऐसे सभी मरीजों का शतप्रतिशत जांच सुनिश्चित करें। मरीजों के बलगम जांच के अलावे ब्लड सुगर, एचआईवी की जांच के साथ साथ तम्बाकू की स्क्रीनिंग कराएं, ताकि पॉजिटिव होने पर यक्ष्मा से सम्बंधित इलाज अविलंब शुरू किया जा सके।

मौके पर संजय कुमार, मिथलेश प्रसाद, मो. जफीम, शैलेन्द्र कुमार, संजय वर्मा, मिथिलेश कुमार, सुनीता कुमारी, कृष्णकांत मणि, प्रतिभा नारायण, वंदना सिंह, अंजिला, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार ,पॉल एक्का, प्रकाश कुमार रवि, दीपेश कुमार, सुमिता कुमारी आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

# चुनाव आते ही मंडराने लगे दूसरे प्रदेशों के गिद्ध : हेमंत

## खरकाबाद सब स्टेशन से आज 10 से 1 बजे तक ठप रहेगी बिजली

**गोविंदपुर।** खरकाबाद बिजली सब स्टेशन से मंगलवार को सुबह 10 .00 बजे से दोपहर 1:00 तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। कनीय अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इस दौरान इस फीडर से संबंधित मेंटेनेंस कार्य का कार्य किया जाएगा। इस कारण गोविंदपुर के मुगार्बानी, जंगलपुर, बागसुमा, भेलाटांड़, अंबोना मोड़, मोरंगा आदि क्षेत्रो में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## डिगवाडीह में गणेश महोत्सव के तीसरे दिन उमड़ी भारी भीड़

**जोड़ापोखर।** कोयलांचल की बेहतर गणेश पूजा डिगवाडीह में 36 वां वार्षिक गणेश महोत्सव के तीसरे दिन भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर कॉंग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर प्रदेश में शांति की कामना की है। मेला में बच्चों एवं महिलाओं का बारी जुटान हुआ। मेला में झूला, ड्रेगन डांस, मौत का कुआं में काफी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर कमिटी के जगजीवन राम, उतसव राम,एम के ठाकुर, दिनेश यादव, मोहन यादव, रामबिहारी राम,राजू कुंडू आदि मौजूद थे।

## इंटर कॉलेज सिजुआ में करम पूजा की तैयारी

■ कुड़माली विभाग की छात्राओं ने विधि-विदान से उठाया जाउआ

**कतरास।** आगामी 14 सितम्बर को 19 वां करम अखाड़ा महोत्सव को लेकर शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ के कुड़माली विभाग ने 7 दिन का जाउआ पूरे नेग से उठाया। बताते चलें कि कुड़मी समाज एवं कुड़मालि संस्कृति में भादो माह की एकादशी के दिन करम डाली की पूजा की जाती है। यह प्रकृति की पूजा है। इसके लिए 7 दिन पूर्व ही लड़कियों द्वारा जाउआ उठाया जाता है। पहले इसमें बालू दिया गया, फिर 7 तरह के बीज बुने गए। जिस डाली में जाउआ उठाया गया, उसमें लड़कियों द्वारा सिंदूर एवं काजल का टीका लगाया गया। इस अवसर पर कुड़माली विभाग में अध्ययनरत छात्रा–छात्राओं के साथ विभाग की प्रो राजकुमारी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो, प्रो मनोज कुमार महतो, प्रो कल्पना कुमारी, इंदु कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, फुलमनी देवी, लाजवंती देवी, शांति देवी आदि मौजूद थी।

## दोषी सुपरवाइजर को तत्काल कार्य से हटाने की मांग

**मैथन।** निरसा अंचल के ऊर्जा मित्रों की समस्या को लेकर सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता मन्नू तिवारी के नेतृत्व में कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार निराला से मिला और बिलिंग कंपनी एक्सप्लोर प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर द्वारा ऊर्जा मित्रों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत की। कार्यपालक अभियंता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि सुबोध पाल व राजीव कुमार को निर्देश दिया कि दोषी को तत्काल कार्य से हटाएं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**गांडेय विधानसभा क्षेत्र के ताराटांड़ आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए कई मंत्री**

**● गिरिडीह व धनबाद जिला को दी करोड़ों की सौगात, कई योजनाओं का किया शिलान्यास**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र के कैलुडीह मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में चुनाव का समय आते ही राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई छत्तीसगढ़ से आ रहा है तो कोई असम से आ रहा है। जो राज्य की जनता को न सिर्फ झूठा आश्वासन दे रहा है, बल्कि धर्म के नाम पर, अगड़ा पिछड़ा के नाम पर बरगलाने का काम कर रहा है। कहा कि सत्ता में आते ही विपक्षियों ने परेशान करना शुरू कर दिया था। दो साल कोरोना उसके बाद विपक्षियों ने इतना परेशान किया कि मुझे जेल में भी डाल दिया, लेकिन जनता के विश्वास और प्यार के कारण ही वह फिर से उनकी सेवा में जुटे हुए हैं। कहा कि जनता की सेवा करते हुए उनके दो दो मंत्री शहीद हो गए। उन्होंने बांगलादेशी घूसपेठियों, लव जिहाद, आदिवासी दलित को लेकर भाजपा द्वारा उठाए जा रहे सवाल पर मुख्यमंत्री ने भाजपा को आड़े हाथों लिया।

### झारखंड में है गरीबों की सरकार : सत्यानंद भोक्ता

श्रम एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारखंड में अभी गरीबों की सरकार है। इस कारण ही हर गरीब को पेंशन योजना, आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने मोदी सरकार के खाते में 15 लाख, जनधन योजना, रोजगार सहित कई घोषणाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार जो कहती है वहीं करती है। जबकि केन्द्र की मोदी सरकार सिर्फ झूठा आश्वासन देती है।

### गिरिडीह व धनबाद में करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, टुंडी विधायक मथुरा महतो, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीस उपाध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व विधायक निजामउद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, धनबाद की उपायुक्त माधुरी मिश्रा, डीडीसी स्मीता कुमारी व अपर समाहर्ता बिरूवा ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व पौधा देकर किया। गिरिडीह व धनबाद जिले को कुल राशि 465.14 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने गिरिडीह के लिए करीब डेढ सौ योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। वहीं धनबाद जिले के लिए 160 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस क्रम में अबुवा स्वास्थ्य योजना, अबुआ आवास योजना, मईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फूले योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, गुरुजी स्टुडेंट कार्ड योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभूकों के बीच योजना की राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, टुंडी विधायक मथुरा महतो, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की चार साल की उपलब्धियों का किया जिक्र

- राज्य में उनकी सरकार किसानों के कृषि ऋण को माफ किया।
- गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है। बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है।
- मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
- महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है।
- आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोईया, पुलिसकर्मी, सहायक पुलिसकर्मी, पारा शिक्षक, जलसहिया सहित कई कर्मचारियों की मांगों के अनुरूप कुछ न कुछ लाभ देने का प्रयास किया।
- महिलाओं को सरकार सम्मान दे रही है।
- योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया गया।
- सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को किया जा रहा संचालित। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के जरिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बैंक द्वारा दिया जायेगा।
- आदिवासी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों के छात्रावासों में मुफ्त भोजन की व्यवस्था कर रही राज्य सरकार।
- कृषि कार्य के लिए सिर्फ ट्रैक्टर और हल दिया जाता था, लेकिन सरकार ट्रैक्टर के साथ-साथ स्कॉर्पियो, बोलेरो, बस, ऑटो सहित कई गाड़ियां ग्रामीण बेरोजगार लोगों को उपलब्ध करा रही।
- कृषि की वैकल्पिक व्यवस्था पर भी किया गया फोकस।
- बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई योजनाओं का लाभ किसान एवं गरीबों को दिया।
- राज्य में वनपट्टा का वितरण एकड़ में किया जा रहा है। लाखों एकड़ सरकारी भूमी के पट्टे दिये गये।

### माताओं- बहनों को सम्मान मिलने से भाजपा के पेट में हो रहा दर्द : डॉ इरफान

ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर कटाक्ष किया। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के विकास के लिए बिना किसी भेद भाव के कार्य कर रही है। माताओं और बहनों को सम्मान दिया जा रहा है जिससे भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। इसलिए व इस योजना पर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा ने आवास योजना को बंद कर दिया था, जिसके बाद झारखंड सरकार ने अबुआ आवास की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जब वे जनता के बीच गए तो जनता से सवाल किया कि प्रधानमंत्री चाहिए या मुख्यमंत्री, तो जनता ने मुख्यमंत्री की आवास योजना की मांग की। इसलिए गिरिडीह में 50 हजार अबुआ आवास दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही भाजपा बोरो प्रत्याशी तलाशने लगती है। मधु कोड़ा, सीता सोरेन के अब चंपाई सोरेन को बोरो प्रत्याशी के रूप में शामिल किया।

## जिले के पांच स्थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**धनबाद।** डीजीपी के निर्देश पर मंगलवार को जिले के पांच स्थानों पर वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिनमें राजस्थानी धर्मशाला कतरास, टाटा ऑडिटोरियम जोड़ापोखर, निरसा पॉलिटेक्निक, अल इकरा कॉलेज गोविंदपुर तथा अड्डाय सुंदरी बालिका विद्यालय हीरापुर शामिल हैं। लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 तथा ईमेल आईडी जनशिकायत-धनबाद एट दी रेट ऑफ जेएचपुलिस डॉट जीओवी डॉट इन पर सीधे कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लिगल वॉलेंटियर उपस्थित रहेंगे।

## धनबाद में केंद्रीय कृषि मंत्री की नेताओं संग बैठक

**सांसद और विधायक ने किया स्वागत**

खबर मन्त्र संवाददाता



### शहीद की श्रद्धांजलि सभा में थे मौजूद

एयरपोर्ट पर बीजेपी के महामंत्री तथा राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिंहा, निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल , प्रदेश मंत्री सरोज सिंह , जिला अध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह , संजीव अग्रवाल, जिला महानगर के प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव, धनबाद विधानसभा के प्रभारी तथा गिरिडीह के महापौर सुनील पासवान, मानस प्रसून, नितिन भट्ट , योगेंद्र यादव , मिल्टन पार्थ सारथी ,प्रशांत बनर्जी, देवाशीष पाल ,मुकेश यादव, रजनीश तिवारी, राजाराम दत्ता ,किशोर मंडल, सूरज पासवान,संजय कुशवाहा ,गोविंद रावत, आनंद खंडेलवाल, सनी रवानी शाहिद अनेक नेताओं ने हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया।

**धनबाद।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान सोमवार को धनबाद पहुंचे और धैया में संघ के नेताओं के साथ बैठक की। रविवार देर रात तय कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से सुबह बरवाअड्डा हवाईअड्डा पहुंचे, जहां धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया। हवाईअड्डा पर ही केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के नेताओं को संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया। शिवराज सिंह चौहान हवाईअड्डा से सीधे धैया रोड में रहनेवाले आरएसएस के धनबाद महानगर व्यवस्था प्रमुख गोपी कटेसरिया के घर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री दो घंटो तक संघ से जुड़े नेताओं के साथ मुलाकात कर बैठक की। इस दौरान वे नेताओं संग आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा किये।

## बोकारो क्षेत्र के डीआईजी ने किया जन समस्या समाधान स्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** बोकारो क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा ने सोमवार को अल इकरा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थित जन समस्या समाधान स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जन समस्या समाधान इस शिविर में गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, पूर्वी टुंडी एवं मनियाडीह थाना क्षेत्र की समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इसमें केवल पुलिस विभाग की ही नहीं बल्कि अन्य विभागों की समस्याओं को लेकर भी लोग आवेदन देंगे । अनेक समस्याओं का समाधान तत्काल कर दिया जाएगा और अन्य विभागों की समस्याओं का समाधान 15 दिनों में कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के पुलिस महानिदेशक की यह अनूठी पहल है और इसका लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार एवं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को कार्यक्रम के संबंध में कई निर्देश दिए। मौके पर डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती, मुख्यालय टू संदीप गुप्ता, गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद, बरवाअड्डा थानेदार सुनील कुमार रवि, अल इकरा बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ शमीम अहमद, सचिव डॉ एस खालिद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ईशा शमीम आदि मौजूद थे ।

## सिपाही दौड़ में मृत युवक के परिजनों से मिले हिमंता सरमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** असम के मुख्यमंत्री एंव भाजपा प्रदेष चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा सोमवार को उत्पाद सिपाही की दौड़ में गिर कर मौत हुए थाना क्षेत्र के जिराबार ओरमांझी के युवक अजय महतो के स्वजनों से मिलने पहुंचे। स्वजनों ने घटना की जानाकरी दी और उपचार में लापरवाही से मौत का आरोप लगाया। असम के मुख्यमंत्री से मृतक के छोटे भाई अंकित कुमार महतो को सरकारी नौकरी व 50 लाख रुपए मुआवजा दिलाने की मांग किया। हिमंत बिस्व सरमा ने घटना को मार्मिक बताया कहा झारखंड के 16 युवाओं का मौत काफी दुखद है। मृतक के सवजनों की मांगों के संबंध में कहा ईष्वर व राज्य की जनता ने चाहा तो राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो मृतक के स्वजनों को निष्चित ही सरकार नौकरी दी जाएगी। सरकार द्वारा मौत पर राजनीति करने के आरोप लगाने का आरोप के सवाल पर उन्होने कहा मीडिया कर्मियों के सामने ही स्वजनों से बात है। कोई भी राजनीति के संबंध में कोई बात नही किया, कहा झारखंड सरकार खुद कोरोना वैक्षीन की आड़ में सरकार अपनी गलतियों को छुपाने का प्रयास कर रही है। जनता सबकुछ देख रही है। उन्होने अंतिम संस्कार कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्वजनों को मिलने के लिए आने को कहा है। इससे पूर्व तीन सितंबर को स्वजनों से मिलने पहुंचे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेष अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी द्वारा मृतक युवक को एक लाख रुपया सहायता राशि दी गई थी।

## शोभायात्रा के साथ हुआ भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** महुदा बाजार स्थित छठ तालाब में सोमवार को भगवान गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व कॉलोनी में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारो में दर्जनों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद भगवान गणपति की मूर्ति के साथ पूरे महुदा में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु ढोल की थाप पर नाचते नजर आए। सभी भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ भगवान गणपति का विसर्जन किया। रेलवे कॉलोनी स्थित गणेश पूजा समिति द्वारा शनिवार को दुर्गा पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी मनाई गईं। प्रतिमा स्थापित के बाद गणपति के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। भगवान गणेश का पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। रोजाना सुबह व शाम के समय यहां भजन कीर्तन का आयोजन होता था और शाम के समय प्रसाद वितरित किया जाता था। आयोजनकर्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यहां गणेश चतुर्थी पर भगवान गणपति विराजते हैं। भंडारे के बाद कॉलोनी से शोभा यात्रा निकाली गईं जो महुदा बाजार होती हुई छठ तालाब पहुंची, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा में श्रद्धालु गणपति बप्पा मौरया के जयकारे लगा रहे थे। जिससे पूरे महुदा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। विसर्जन में मनाथ चटर्जी, सुभाष रवानी गोपाल सिंह, धर्मवीर कुमार, दीपू, श्याम, अजय कुमार, अजय चटर्जी, रणधीर, श्रीराम, सुजीत, सूरज यादव, रोमी, सुधीर शामिल थे।

## भागवत कथा सुनने से मिलती है सुख शांति और समृद्धि : ब्रजेश जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** भागवत मर्मज्ञ ब्रजेश जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा की महिमा अनंत है। भागवत कथा श्रवण करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाओं का रहस्य गहरा है। माखन चोरी कोई साधारण घटना नहीं है। भगवान ने केवल माखन की चोरी नहीं की थी, बल्कि अपने भक्तों के मन को चुराया था। उनके पापों को चुराकर निष्कलंक बनाया था। भागवत जीवन का विज्ञान है। यह जीव को पूर्णता की यात्रा कराता है। जीव कैसे अपने धर्म को निष्ठापूर्वक निभाये, जीवन का ध्येय क्या है, यह भागवत सिखाता है। मानव को सत्कर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। महाराज ने कहा कि सत्संग से सुख की प्राप्ति होती है। सत्संग का एक ही साधन है भगवान का स्मरण। कुसंग के अनेक साधन हैं। कुसंग में फिसल जाने का डर रहता है। यह हानिकारक है। सत्संग से अच्छाई को प्राप्त करने में समय लगता है, लेकिन कुसंग से बुराइयों को प्रवेश करने में जरा भी विलंब नहीं होता है। सावधानी रखकर कुसंग से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब हम भगवान के समक्ष किसी कार्य को पूरा करने के लिए मन्नत मांगते हैं तो कार्य पूरे होने पर मन्नत पूरी करनी चाहिए। भगवान से कोई चतुराई मत करो। अपनी इच्छा पूरी करने के लिए मन, वाणी से जो संकल्प लिया है उसे पूरा करो। हमारे विचार, वाणी और व्यवहार सत्य स्वरूप है। हमारा शरीर आध्यात्मिक रूप से भगवान का स्वरूप है। कथा आयोजक मित्तल परिवार के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## एक नजर में

### नारायणपुर प्रखंड के 35 ग्राम प्रधानों से अंचल कार्यालय ने मांगा स्पष्टीकरण

**जामताड़ा।** राजस्व वसूली प्रतिवेदन जमा नहीं करने वाले नारायणपुर के 35 राजस्व ग्राम प्रधानों को अंचल अधिकारी के कार्यालय से स्पष्टीकरण की मांग की गई है ।अंचल कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार शमसुद्दीन मियां, मोहम्मद शमसुद्दीन मियां, दीन मोहम्मद, नागेंद्र प्रसाद सिंह, लाल मोहम्मद, निहालुद्दीन शेख, शाहजहां मियां, गुलाब चंद्र दत्ता, हमीद मियां, समीउल हक, सूर्य मरांडी, जेबन बीबी, सहदेव मुर्मू,शहादत मियां, खुदा बख्श अंसारी, रिजवान अंसारी, वसीम अंसारी, लखीराम पंडित, रेक लाल सिंह, हुसैन अंसारी, जयपाल बास्की, निवास चंद्र मंडल, मोहम्मद नूरुद्दीन अंसारी,मिसिर सोरेन,बनवारी राय,मोहेलाल सोरेन, चरण मरांडी, गोविंद सोरेन, इम्तियाज मियां, लालमोहन सिंह, अब्दुल करीम, मोहम्मद मुर्तजा, तैयब अंसारी, सत्यनारायण, शहद मियां को कहा गया है कि वर्ष 2024–25 का राजस्व से संबंधित प्रतिवेदन अप्राप्त है। इस कारण अंचल का समेकित प्रतिवेदन तैयार करने में कठिनाई हो रही है। आपके द्वारा मासिक बैठक में भाग भी नहीं लिया जा रहा है। अत: पत्र प्राप्ति के साथ प्रतिवेदन संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपके प्रोत्साहन राशि भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कतरास।** कोयला नगर में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर श्यामडीह के 40 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें 60 मीटर दौड़ में अभिषेक रवानी प्रथम तथा रौनक सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 आयु वर्ग में ट्रायथलॉन बी में सुधांशु चौधरी ने प्रथम तथा कुंदन रजक द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 16 आयु वर्ग में अंशु कुमारी ने भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 18 आयु वर्ग में आलेख पासवान हैमर थ्रो में प्रथम, राहुल राणा भाला फेंक में द्वितीय, शांतनु पटवा पांच किलोमीटर पैदल चाल में द्वितीय, हैमर थ्रो में शिवानी कुमारी प्रथम, अदिति कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। अंडर 20 आयु वर्ग में विकास राय ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम राजगढ़िया, प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार और उप प्राचार्य श्रेया सरकार ने विजेता छात्र–छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक घायल, विरोध में रोड जाम



**जोड़ापोखर।** फुसबंगल भौरा मार्ग पर भागा रेलवे क्रासिंग के निकट सोमवार को महतो ट्रांसपोर्ट के ट्रक संख्या जे एच10 सी बी 5230 की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार राहुल पासवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर सुन कर स्थानीय पूर्व पार्षद मनोज साव के नेतृत्व में लोगों ने सड़क जाम कर दी है। रोड जाम में शामिल राहुल की मां रीना देवी ने बताया कि अयोध्या नगरी से पुत्र बाजार करने फुसबंगल गया था, तभी आगे चल रहे ट्रक के पिछला चक्का की चपेट में आकर घायल हो गया। उसके पिता इंद्रजीत पासवान स्थानीय लोगों के सहयोग से धनबाद में उसे इलाज कराने ले गए हैं। जोड़ापोखर पुलिस ने मोटरसाइकिल एवं ट्रक को कब्जा में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर जाम लगा हुआ था।

### विभिन्न बूथों के प्रभारी बनाए गए

**अनगड़ा।** रांची ग्रामीण जिला भाजपा के अनगड़ा मंडल गेतलसुद शक्तिकेंद्र पंचायत भवन में भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक हुई बैठक में शक्तिकेंद का प्रभारी कामेश्वर महतो संयोजक गौरी शंकर मुंडा बूथ न 136 के प्रभारी अमित चौधरी 137 के गणेश लोहरा 138 के सदन सिंह 139 के राजीव सिंह 140 के बीरेंद्र यादव बनाए गए। बैठक में जैलेंद्र कुमार सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष शोहराय बेदिया महामंत्री पंचम भोगता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज



### घाटशिला कॉलेज का नाम बिभूतिभूषण बंधोपध्याय कॉलेज करने की मांग

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश सह मंत्री सह छात्र नेता बापन घोष ने घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य से घाटशिला कॉलेज के नाम बिभूति भूषण के नाम करने की मांग पत्र सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताये कि बिभूति भूषण बंधोपाध्याय जी का कर्म भूमि घाटशिला रहा है उनके कई सारे उपन्यास में घाटशिला और आस पास के क्षेत्र के वर्णन पाये जाते उनके साहित्य के कारण पूरे विश्व में आज घाटशिला सुपरिचित है। क्योंकि बिभूतिभूषण बंद्योपाध्याय की महत्त यूनेस्को ने भी स्वीकारी है। वे विदेशी भाषाओं में सर्वाधिक अनुदित होने वाले साहित्यकारों में शुमार हैं, भारतीय साहित्य के एक प्रमुख नाम है बिभूति भूषण बंदोपाध्याय जिनके नाम पर यदि कॉलेज के नाम हो तो कॉलेज का गौरव बढेगा और एक महान साहित्यकार को उचित सम्मान देना होगा। बापन ने बताया कि हमलोग आगामी दिन कॉलेज और घाटशिला के सभी जनमानस के में हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे फिर इस विषय को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देंगे।

### ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट ने किया एपीआर नायर अवार्ड से शिक्षकों को सम्मानित



**जमशेदपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एपीआर नायर की पुण्यतिथि का आयोजन ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से आजाद मैरेज हॉल, पुरुलिया रोड में किया गया। इस उपलक्ष्य में शहर के कुछ जाने माने शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी आर एवम विशिष्ट अतिथि में सीदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह , रूपा घोश, प्राचार्या केरला पब्लिक स्कूल मानगो, समाजसेवी सैयद मंजर अमीन मंच पर उपस्थित थे। अतीथियों का स्वागत ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के सचिव मुख्तार आलम खान ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन करीम सीटी कॉलेज के प्रोफेसर अनवर साहाब ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन मतीनुल हक ने किया। सम्मानित शिक्षकों में डॉक्टर निधि श्रीवास्तव, प्राचार्या विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल, शहनाज सुलताना, शिक्षिका कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल एवम प्रोफेसर अहमद बद्र , करीम सीटी कॉलेज शामिल हैं, जिन्हें मेमोंटो व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जमशेदपुर शहर के समाजसेवी, बुद्धिजीवी व अन्य गणमान्य लोगो में भास्कर कुमार, खेल प्रशिक्षक श्याम शर्मा, रजी नौशाद, सैयद तारिक, शबीना प्रवीण, हेड मास्टर गुलरेज अय्युब, आरपी यादव, रिजवान औरंगाबादी, शमसाद बेगम उपस्थित थे।

### जय जवान संघ दुर्गा पूजा समिति का गठन

**हुसैनाबाद पलामू।** जय जवान संघ पूर्वडीहा द्वारा आगामी दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चितरंजन दुबे ने की। बैठक में दुर्गा पूजा के लिए नई कमिटी का गठन किया गया। दुर्गा पूजा को भव्यता से मनाने पर जोर दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा कार्यक्रम सप्तमी के दिन से प्रारंभ होगा। बता दे कि जय जवान संघ पूर्वडीहा समिति के द्वारा हर साल बड़े भव्यता एव शुद्धता के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जाता है जो गांव के अगल-बगल के गांव के लिए भी आकर्षण का केंद्र होता है।

# जमशेदपुर में आत्महत्या के मामलों में गिरावट, आठ महीनों में 129 मामले दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक सकारात्मक कदम के रूप में, जमशेदपुर में आत्महत्या के मामलों में पिछले कुछ वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है, जैसा कि शहर के आत्महत्या रोकथाम केंद्र जीवन द्वारा रिपोर्ट किया गया है। यह गिरावट पिछले आंकड़ों से एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जो समुदाय के भीतर मानसिक स्वास्थ्य समर्थन और जागरूकता में वृद्धि को दशार्ती है।

जीवन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 2021 से 2024 तक आत्महत्या की दर धीरे-धीरे कम हो रही है। छात्रों के मामले में, 2021 में 23 (7 पुरुष और 16 महिला) मामलों से घटकर 2024 के पहले आठ महीनों में केवल 9 (4 पुरुष और 5 महिला) मामले दर्ज किए गए हैं। सामान्य आत्महत्या के मामलों में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई है, जहां 2021 में 255 (178 पुरुष और 77 महिला) मामले थे, जो 2024 में घटकर 129 (93 पुरुष और 36 महिला) रह गए हैं, जो अगस्त तक के आंकड़े हैं।

जीवन के निदेशक जयराज जैन ने शहर में आत्महत्या के मामलों को रोकने के ङ्कल्लॅङ्कल्लॅ प्रयासों के बारे में मीडिया को जानकारी दी। जैन ने इस बात पर जोर दिया कि न केवल आत्महत्या के मामले कम हुए हैं, बल्कि केंद्र से मदद मांगने वाले लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। 2022-23 में, 748 लोगों ने हमारी हेल्पलाइन से सहायता मांगी। हमें उम्मीद है कि 2023-24 में यह संख्या 1000 को पार कर जाएगी, क्योंकि हमारी सेवाओं के बारे में जागरूकता फैल रही है। यह उत्साहजनक है कि अब अधिक लोग कठिन समय में सहायता मांगने के महत्व को समझ रहे हैं, जैन ने कहा।




आत्महत्या मामलों पर सालाना रिपोर्ट पर चर्चा करते जीवन संस्था के जयराज जैन, महावीर अग्रवाल व अन्य पदाधिकारीगण।

डॉ. जैन ने बताया कि 2024 में जमशेदपुर की आत्महत्या दर प्रति लाख 10 रह गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत 11-12 प्रति लाख है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य निकट भविष्य में इस आंकड़े को 5 प्रति लाख तक लाने का है। हालांकि इस प्रगति के बावजूद, जमशेदपुर की आत्महत्या दर बिहार-झारखंड क्षेत्र में सबसे अधिक बनी हुई है।

सरकारी समर्थन के बारे में पूछे जाने पर, डॉ. जैन ने स्वीकार किया कि जीवन मुख्य रूप से अपने स्वयंसेवकों के समर्पण और टाटा स्टील तथा उसकी संबद्ध कंपनी जेमिपॉल के समर्थन पर आधारित है। उन्होंने राज्य की आत्महत्या हेल्पलाइन के सामने आने वाली चुनौतियों की भी ओर इशारा किया, जो ज्यादातर निष्क्रिय रही है, जिससे जीवन को आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी है।

जीवन का प्रभाव झारखंड से परे भी देखा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर, जीवन के स्वयंसेवकों ने वहां की स्थानीय टीमों को आत्महत्या रोकथाम के उपायों में भी प्रशिक्षित किया है। पिछले वर्षों में, केंद्र ने 2006 में अपनी स्थापना के बाद से 700 से अधिक लोगों की जान बचाई है। 2022 में, जीवन को आत्महत्या का विचार कर रहे 750 लोगों से कॉल प्राप्त हुए थे, और 2023 में यह संख्या बढ़कर 911 हो गई। सीमित संसाधनों के बावजूद, केंद्र का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना और समर्थन प्रदान करना है।

बढ़ती मांग के जवाब में, जीवन अपनी सेवाओं का विस्तार करके चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में, संगठन के स्वयंसेवक कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी, जिसमें जगह की कमी भी शामिल है, उन्हें 24 गुणा 7 संचालन करने से रोक रही है। हमने सभी स्कूलों और कॉलेजों के बाहर साइनबोर्ड लगाए हैं, जिसमें छात्रों से जरूरत पड़ने पर संपर्क करने की अपील की गई है, डॉ. जैन ने कहा। संगठन सामुदायिक परामर्श सत्र भी आयोजित करता है, जिसका उद्देश्य आम जनता को मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के बारे में शिक्षित करना है।

# टाटा स्टील बोनस मद के रूप में बांटेगी 303.13 करोड़ रुपये

- टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन ने किया बोनस समझौता
- दुर्गापूजा से पूर्व बोनस समझौता होने से कर्मचारियों ने व्यक्त की खुशी

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए आज प्रबंधन और मान्यता प्राप्त टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच बोनस समझौता हो गया। कर्मचारियों को 17.89 प्रतिशत की दर से बोनस मिलेगा। समझौते के मुताबिक कर्मचारियों के बीच बोनस मद में कंपनी प्रबंधन कुल 303.13 करोड़ रुपये वितरित करेगा जिसमें से अकेले जमशेदपुर संयंत्र और ट्यूब डिवीजन के कर्मचारियों के बीच 168.64 करोड़ रुपये बोनस 11,654 कर्मचारियों के बीच बंटेगा। जमशेदपुर संयंत्र और ट्यूब डिवीजन के कर्मचारियों के बीच औसत बोनस राशि 1,44,706 रुपये है। यह राशि 13 सितंबर को कर्मचारियों के खाते में आ जायेगी।



टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने यूनियन सम्मेलन कक्ष में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बोनस समझौते के मुताबिक ओल्ड सीरिज में एक्क्युअल एटेंडेंस के आधार पर अधिकतम 4 लाख नौ हजार रुपये बोनस मिलेगा जबकि न्यू सीरिज के कर्मचारियों को अधिकतम 1.13 लाख रुपये बोनस मिलेगा। इस बार न्यूनतम बोनस राशि 38,203 है।

**खास बातें :** समझौते पर टाटा स्टील के एमडी एंड सीईओ श्री टीवी नरेंद्रन, वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम श्रीमती अत्रेई सान्याल, वीपी कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा टाटा वर्कर्स यूनियन की ओर से अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह और महासचिव सतीश कुमार सिंह ने अपने सहयोगी पदधिकारियों के साथ हस्ताक्षर किये।

अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच बोनस फार्मूला जो तय है उसके मुताबिक शुद्ध मुनाफे के आधार पर 1.5 प्रतिशत मिलता है बोनस। इसके अलावा उत्पादन, उत्पादकता और सुरक्षा मानक के आधार पर बोनस तय किया जाता है। इस बार टाटा स्टील के भारतीय परिचालन को 11,275.09 करोड़ रुपये शुद्धा मुनाफा हुआ है जिसके तहत कर्मचारियों को बोनस मद में 169.13 करोड़ रुपये बोनस बना, बिक्री योग्य स्टील के मुनाफे के आधार पर 49 करोड़ रुपये, उत्पादकता के आधार पर 80 करोड़ रुपये और सेफ्टी के आधार पर 5 करोड़ रुपये यानी सकल 303.13 करोड़ रुपये बोनस बना है। यह सकल बोनस राशि टाटा स्टील के भारतीय परिचालन के कुल 27,454 कर्मचारियों के बीच बंटेगा। संवाददाता सम्मेलन में डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह और महासचिव सतीश सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की दाल नहीं गलने वाली : कमलेश



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नये अध्यक्ष केशव महतो कमलेश अध्यक्ष के रुप में पहली बार जमशेदपुर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आदित्यपुर पुल से लेकर वोल्टास बिल्डिंग होते हुए माइकल जॉन पहुंचे कमलेश का कार्यकर्ताओं में स्वागत करने का जोश देखते ही बन रहा था। प्रदेश अध्यक्ष ने माइकल जॉन सभागार में कांग्रेस और उसके विभिन्न प्रकोष्ठ के नेताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की मेहनत और उनकी भारत जोड़ो यात्रा ने देश की राजनीति की धारा ही बदल दी है। पार्टी और सहयोगी दलों की मेहनत का परिणाम है कि इस बार केंद्र में मोदी-शाह की सरकार नहीं बनी है बल्कि एनडीए की सरकार बनी है। अगले संसदीय चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया होना तय है। उसी तरह झारखंड विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी और सहयोगी दल भाजपा की दाल नहीं गलने देंगे। आप कार्यकर्ता और नेतागण अभी से दिन रात एक कर दीजिए, निश्चित रुप से यूपीए सरकार फिर झारखंड में वापसी करेगी। उन्होंने हेमंत सोरेन की अगुवाई में चल रही यूपीए सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अंबानी और अडानी का कर्ज माफ करती है, उन्हें राहत देती है किन्तु झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार किसानों का कर्ज माफ कर रही है। बहनों को हर माह एक-एक हजार रुपये पेंशन दे रही और बुर्जुगों की पेंशन राशि बढ़ा दी है। समाज के हर तबके को लाभान्वित किया जा रहा है। पूरे झारखंड में यूपीए के पक्ष में हवा है,बस सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक इमानदारी से पहुंचाना है। सफलता अवश्य मिलेगी। कमलेश ने कहा कि वह प्रण लेते हैं कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से वो कतई समझौता नहीं करेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, पूर्व सांसद डा अजय कुमार समेत तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### गम्हरिया : गणेश पूजा पंडाल में पूजा करने पहुंचे पूर्व सीएम चंपई सोरेन



**गम्हरिया।** श्री श्री गणेश पूजा कमेटी की ओर से छोटा गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान में निर्मित भव्य पंडाल और उसमें विराजमान 18 फुट ऊंची भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी उक्त पूजा पंडाल में पंहुच कर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोल्हान में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन से कोल्हान वासियों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। इसका परिणाम आगामी विस चुनाव में देखने को मिलेगा। इस मौके पर पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक सन्नी सिंह, मुख्य संयोजक पिंटू सिंह, अध्यक्ष मनोज सिंह, रिंकू ठाकुर समेत सभी सदस्य मौजूद थे।

### अरविंद सिंह ने चांडिल बाजार में नाली और सड़क की करायी साफ-सफाई



**चांडिल।** गणेश पूजा समिति चांडिल बाजार के द्वारा गणेश पूजा के दूसरे दिन रविवार को भक्तों के लिए खिचड़ी भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें ईंचागढ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह पूजा पंडाल पहुंचे तथा मत्था टेका एवं क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान अरविंद सिंह चांडिल बाजार के व्यवसायीयो के साथ विचार विमर्श किया। अरविंद सिंह ने कहा की चांडिल बाजार में नाली की सफाई उनकी प्राथमिकता रही है अपने निजी स्तर पर नाली की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवं फॉगिंग का व्यवस्था करवाया। इस मौके पर स्वपन गुप्ता, संजय चौधरी, दुर्गा चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कमल किशोर अग्रवाल और मनोज कुमार सिंह ने किया कमलेश का भव्य स्वागत



**जमशेदपुर।** सोमवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के नेता कमल किशोर अग्रवाल एवं मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बिष्टपुर ट्रैफिक सिग्नल के पास झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नगर आगमन पर माला पहना कर एवं शॉल ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं में संजय सिन्हा, एस एन सिंह, राकेश तिवारी, शंभू नाथ पांडे, दिनेश कुमार, नागेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बलराम सिंह, प्रदीप कुमार और रमाकांत प्रसाद मुख्य रूप से शामिल थे।

## एएसजी आई हॉस्पिटल की ओर से नेत्र रोगों के प्रति किया जागरूक

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** एएसजी आई हॉस्पिटल की ओर से क्लीनिकल मीट (सीएम) का आयोजन किया गया। जमशेदपुर के समाजसेवी संगठनों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एएसजी नेत्र चिकित्सालय जमशेदपुर शाखा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ नितेश कुमार सिंह, डॉ अंजलिका शेखर वीआर सर्जन, डॉ एमके रजक सीएमओ, यूसीआईएल, आरके सिंह एजीएम, बीएसएनएल, आईएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश ने दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर डॉ नीतिश कुमार ने नेत्र रोग से संबंधित मोतियाबिंद, भैंगापन, न्यूरो आप्थाल्मालॉजी, रेटिनाग्लूकोमा इत्यादि रोगों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एएसजी नेत्र चिकित्सालय डीजीएम श्याम विहारी शर्मा, आंचलिक प्रबंधक फहीम काजमी, नजमुल हसन, आनंद कुमार, मोहम्मद इमरान, करण कुमार सिंह, शुभम सिंह, सोनाली मुखर्जी, श्याम नंदन राय, शिव कुमार, शांतनु बनर्जी, सुबीर कुमार दत्ता भी थे।

## गोविंदपुर से खासमहल तक सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के खासमहल चौक से परसुडीह, शंकरपुर, सरजामदा, बारिगोड़ा, राहरगोड़ा, गदड़ा से होते हुए गोविंदपुर रेलवे फाटक तक पथ निर्माण कार्य का आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने गोविंदपुर बाबा तिलका माझी चौक में शिलान्यास किया। इस सड़क का निर्माण 18 करोड़ 41 लाख रुपये से होगा। अपने समर्थकों के साथ विधायक ने बाबा तिलका माझी की प्रतिमा पर माला अर्पण किया उसके बाद सड़क का शिलान्यास किया।



इस सड़क के निर्माण को लेकर विधायक लगातार प्रयासरत थे उन्होंने इस विषय को विधानसभा में भी उठाया था और मुख्यमंत्री से मिल कर आग्रह किया था की जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण करवाया जाये। यह सड़क काफी जर्जर है। इस सड़क का शिलान्यास कर विधायक ने जो जनता से वादा किया था उसे पूरा किया. आम जनता और झामुमो कार्यकताओं द्वारा विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि अब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा और यहां के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो जायेगा।

## कानून के क्षेत्र में युवा बनायें बेहतर कैरियर

- राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, पटमदा में विधिक व कानूनी शिक्षा जागरूकता कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटमदा/जमशेदपुर।** देश के अंतिम व्यक्ति तक कानून की पहुंच ही समाज में प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा करते हुए समाज में न्याय, शांति व समानता को बढ़ावा दे सकता है। इसके लिए कानूनी शिक्षा ग्रहण कर विधि क्षेत्र में कार्य युवाओं के लिए बेहतरीन कैरियर विकल्प हो सकता है। आईडीआईए, बेंगलुरु व निश्चय फाउंडेशन, झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में पदमदा स्थित राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय में कानूनी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय विधि अनुसंधान एवं शोध विवि, रांची के विधि छात्र रजत तंवर, आयुष उन्नीकृष्ण, अभिषेक दत्ता, मेघा चौहान, शैलजा सिंह, शिखा शर्मा और कृष साहा ने निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार के नेतृत्व में लगभग 400 बच्चों को कानून के क्षेत्र में उच्च शिक्षा हासिल करने की संभावनाओं के बारे में जागरूक किया। इनक्रीजिंग डाइवर्सिटी बाय इनक्रीजिंग एक्सेस द्वारा वर्ग 9 वी से 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को क्लैट (कॉमन लॉ एंट्रेंस टेस्ट) व उसकी तैयारी के बारे में विस्तार से बताया।

## एनएमएल में मना हिंदी सप्ताह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में हिन्दी सप्ताह समारोह 2024 का आयोजन 02 सितम्बर से 09 सितम्बर, 2024 तक हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चैधुरी ने कहा कि इस उपलक्ष में अध्यक्ष महोदय ने कहा किसी एस आई आर - राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला जमशेदपुर की महान विरासत रही है, जिसे हम सब ने मिलकर अक्षुण्ण बनाए रखा है। हमारे पास नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति जमशेदपुर जैसी प्रतिष्ठित समिति है जिसने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्राप्त किये हैं।

## मोदी के आने से पहले भाजपा में चंपई को वीआइपी ट्रिटमेंट

- पीएम के जमशेदपुर आगमन की तैयारी बैठक में अभिभावक की तरह दिया जा रहा महत्व
- पीएम मोदी का जमशेदपुर आगमन पूरे झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण : चंपई सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के बिष्टूपुर गोपाल मैदान में भाजपा की ओर से आयोजित होने वाले विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस सभा की तैयारी और सफलता के लिए भाजपा जिला कार्यालय के साथ विभिन्न स्तरों पर बैठकें कर रही है। पीएम मोदी के लौहनगरी जमशेदपुर आगमन पर आयोजित होने वाले सभा एवं रोड शो की सफलता सुनिश्चित करने के के निमित्त जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने भाजपा प्रदेश मंत्री सह कार्यक्रम के प्रभारी नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं प्रभारी अभय सिंह व अन्य वरीय नेताओं के संग पूर्व सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की। जमशेदपुर सर्किट हाउस में सम्पन्न हुए इस मुलाकात में सभा की सफलता और भव्यता के लिए विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें सभा के आयोजन, रोड शो, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, प्रचार अभियान और जनसंपर्क अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।



जमशेदपुर परिसदन में आगमन पर पूर्व सीएम चंपई सोरेन को पीएम के कार्यक्रम की तैयारी के बारे में जानकारी देते वरिष्ठ नेता अभय सिंह। साथ में सांसद बिद्युतबरण महतो।

चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शहर आगमन जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड के लिए कई मायनों में विशेष है। उनके आगमन पर प्रस्तावित सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकताओं को पूरी तन्मयता और परिश्रम के साथ कार्य करना होगा। बैठक के दौरान पार्टी की व्यापक तैयारियों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि पीएम की सभा को लेकर पार्टी ने विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

# नेशनल खिलाड़ियों को मिलेगी छात्रवृत्ति : मंत्री मिथिलेश

## खेल मंत्री बनने पर खेल संघ ने किया मंत्री को सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाए जाने पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ, बॉक्सिंग संघ, गढ़वा जिला तलवारबाजी संघ और कबड्डी संघ पलामू के पदाधिकारियों मंत्री को सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारी ने मंत्री आवास पहुंचकर उन्हें बुके देकर, माला पहनकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए बधाई दी। इस दौरान गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों ने नेशनल खेल रहे खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने की बात से अवगत कराते हुए सभी खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति की राशि भुगतान करने की मांग किया। साथ ही गढ़वा जिले में टेबल टेनिस का डे बोर्डिंग सेंटर खोलने की भी मांग की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार की ओर से बनाए गए खेल नीति के तहत जो आहर्ता तय किया गया है उस अहर्ता को पूरा करने वाले सभी खिलाड़ी को जल्द छात्रवृत्ति की राशि भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल में गढ़वा के खिलाड़ी लगातार बेहतर कर रहे है। खेल और खिलाड़ी बेहतर करें इसके लिए वे हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें बस उचित प्रोत्साहन एवं सुविधा की जरूरत है। जिसे वे पूरा करने को तैयार हैं। गढ़वा में खेल के लिए जो कुछ भी हो सकता था मैंने उससे बढ़कर किया। आज मैं खेल मंत्री बना हूं। मेरे पास कम वक्त में ज्यादा कुछ करके दिखाने का अवसर है। आप सभी के सहयोग से जिला और राज्य का विकास करता रहूंगा। बधाई देने वालो में गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सह तलवारबाजी संघ के सचिव धनंजय सिंह, सुशील केशरी, चंद्रभूषण सिन्हा, मुजीबुद्दीन खान, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दूबे, अमोद पांडेय, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।


मंत्री को सम्मानित करते गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### कैमूर में विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर विदेशी शराब बरामद की गयी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर एक ठिकाने से अनिल कुमार केशरी को गिरफ्तार किया गया है। अनिल के पास से करीब चार लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### सीवान में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**सीवान।** बिहार में सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गोपालपुर गांव निवासी लल्लू उर्फ तक्की बाइक से जा रहा था। इस दौरान सीवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर कुतुब छपरा गांव के समीप अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि जमीन विवाद में अपराधियों ने लल्लू की हत्या की है।

### मासिक अपराध गोष्ठी एवं सभा का आयोजन

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में मासिक अपराध गोष्ठी एवं पुलिस सभा का आयोजन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी के द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन दरभंगा ऑडिरियम सभागार में किया गया, जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक-रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक-यातायात, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा के प्रभारी शामिल हुए।

### मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दाउदपुर थाना की पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने सोमवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने लेजुआर गांव निवासी रामबाबू शर्मा के घर पर छापामारी कर 02 देशी कट्टा, 04 बैरल, 01 गोली का खोखा, 01 फाईल लोहे का, 01 बाइस लोहे का, 01 कारबाईट गैस सिलेण्डर लोहे का, 01 धारा लोहे का, 02 पीस रोटर मशीन का बीट, 01 रूखानी लोहे का, 01 टोपन एवं 01 ड्रिल मशीन बरामद की।

# गढ़वा में चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर कला अकादमी स्थापित करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर जिले में कला अकादमी की स्थापना करने की मांग लोगों ने सांसद विष्णु दयाल राम से की है। पूरब की बहन गुण शौर्य के नेतृत्व में गढ़वा के युवाओं ने सांसद को मांग पत्र सौप इस पर अमल करने की मांग की। सांसद ने गढ़वा में कला अकादमी खोले जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए इस मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

सांसद को मांग पत्र सौंपते हुए युवाओं ने कहा कि चित्रकार पूरब शौर्य उभरते हुए युवा कलाकार थे। उन्होंने अपने हाथों से लगभग पांच सौ लोगों का स्कैच व अन्य पेटिंग बनाया था। वह लोगों की तस्वीर बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान करते थे। वह कला के प्रति समर्पित थे तथा विभिन्न संस्थानों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। उनका सपना कला शिक्षक बनना, गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना करना था। ताकि गढ़वा के युवा अपने शहर में रहकर चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत कला, नृत्य कला, मडला कला समेत अन्य कला का शिक्षा ग्रहण कर सकें। उनके सपने को हम साकार करना चाहते हैं। गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना होने से युवाओं को नई उर्जा मिलेगी तथा वह इस क्षेत्र में गढ़वा का नाम रौशन कर सकेंगे।

मौके पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रमोद चैबे, चंदन जायसवाल, अलख दुबे, रौशन दुबे, प्रो. संजय केशरी, देव शौर्य, ममता केशरी आदि उपस्थित थे।


सांसद को मांग पत्र सौंपती चित्रकार की बहन गुण शौर्य।

## राजद नेता ने किया बच्चे व युवक के निधन पर शोक व्यक्त

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एक युवक व एक बच्चे के आकस्मिक निधन को लेकर राजद नेता नरेश सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कांडी प्रखंड के सलेया गांव के स्व. बेलास शर्मा के पुत्र सुदामा शर्मा का गढवा के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अचानक मौत हो गई। इधर शव के आने की जानकारी मिलने पर समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह ने इस दुःखद घड़ी में तत्काल ग्राम सलेया में मृतक के निवास स्थान पर जाकर शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। ग्राम शिवरी में संजय पासवान के छोटे पुत्र व अजय पासवान के भतीजा रवि रंजन कुमार की अचानक रात्रि में पेट में दर्द होने के कारण सदर अस्पताल गढवा पहुंचने के पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने रवि रंजन कुमार के शव आने के बाद उनके निवास पर जाकर शोक विह्वल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर डॉ अनिल प्रसाद, सुरेन्द्र शर्मा, शंकर शर्मा, महेन्द्र शर्मा, विनोद चंद्रवंशी, मनोज सिंह, बिगन सिंह, विनोद पासवान, अजय पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आए 867 आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अरसली दक्षिणी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ आफताब आलम, उप प्रमुख पिंटू टोपनो, मुखिया अनिता देवी, बीडीसी शकील अहमद, समाज सेवी सोना किशोर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित 8कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में 867आवेदन मिले एवं 266का निष्पादन किया गया। बीडीओ, सीओ, प्रमुख, मुखिया, उप प्रमुख ने विद्यालय के 149 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सोना किशोर यादव कुमार ने किया।

मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, जेई विजय शंकर राय, श्रम मित्र नंदू राम, कौशल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे


उपस्थित लोग।

## रोजगार मेला 63 अभ्यर्थियों के बीच ऑफर लेटर का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय गढ़वा द्वारा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन शहर के टाउन हॉल में किया गया। मेला की शुरूआत झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा खेल कूद विभाग मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर, डीसी शेखर जमुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में एसआईएस, एलआईसी, सोडेक्सो प्रा. लि. एआईएसइसीटी, किसमती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जैसे कुल 16 निजी क्षेत्र के नियोजकों ने भाग लिया। रोजगार मेला में विभिन्न पदों के लिए कुल 1600 रिक्तियां प्राप्त हुई। रोजगार मेला में 470 से अधिक युवक युवतियों की भीड़ थी। उपस्थित युवक युवतियों ने 188 रिक्तियों के लिए अप्लाई किया। जिसमें रिक्तियों के विरुद्ध कुल 63 युवक-युवतियों के बीच ऑफर लेटर का वितरण किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, सुधेश कुमार मेहता, प्रकाश पांडेय, नवनीत कुमार, हिमांशु सिंह, काजू कुमार आदि समेत विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


दीप जलाकर शुरूआत करते मंत्री व डीसी।

## सास-ससुर ने बहू को किया घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी के लकड़ही में सास-ससुर ने बहु 28 वर्षीया रुबी कुमारी को मार-पीट कर घायल कर दिया। मारपीट के बाद रुबी कुमारी के मायके से मां और भाई आए और घायल रुबी को थाना ले कर पहुंचे। थाना में उपस्थित एसआई तपेश कुमार के द्वारा पहले इलाज कराने के लिए इंजरी काट कर दिया गया। इधर घायल महिला को स्थानीय रेफरल अस्पताल में इलाज किया गया। महिला के सर में काफी चोट लगी हुई थी और खून से लहू लुहान थी। घटना के संबंध मेंघायल महिला रूबी ने बताई की पहले हम पति के साथ बाहर रह रहे थे। 4 माह पूर्व घर में सास ससुर के द्वारा मेरे पति रविंद्र कुमार एवं दूसरा भाई गया प्रसाद राम के बीच घर का बंटवारा कर दिया गया था। तीज व्रत को लेकर हम दोनों पुत्र के साथ मायके गए हुए थे जब मायके से घर वापस आए तो मेरा दीवार तोड़ा हुआ था। जिस पर हम सास ससुर से पूछताछ करने लगे तो उन लोगों के द्वारा गुस्सा दिखाया गया और कहां सुनी हुई। इसी बीच सास विमला देवी और गौतनी रीता कुमारी दोनों धर लिए और ससुर प्रयाग राम डंडा से हमला कर दिए जिसमें मैं घायल हो गई। जिसको लेकर कार्रवाई हेतु थाना में आवेदन भी दिए हैं।

# मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक दिया हाथियों के उत्पात पर अंकुश लगाने का निर्देश

## विभाग पूरी तरह से है मुस्तैद, कर रही है कार्रवाई : डीएफओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के रंका, रमकंडा, चिनियां आदि प्रखंडों में लगातार हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है। इससे ग्रामीणों को जान माल के नुकसान सहित काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं, आज तक विभाग द्वारा की गई कार्रवाई, भविष्य की कार्रवाई और संभावित समाधान, ग्रामीणों को मुआवजा की स्थिति की जानकारी लिया। मौके पर मंत्री ने वन विभाग के पदाधिकारियों को क्षेत्र में हाथियों के बढ़ रहे उत्पात की समस्या से निजात दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही पीड़ित ग्रामीणों को यथाशीघ्र मुआवजा देने, हाथी-मानव संघर्ष को रोकने की दिशा में अधिकारियों को विशेष कदम उठाने का निर्देश दिया।

गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बेनी अब्राहम ने बताया कि इस मामले में विभाग समुचित कार्रवाई कर रही है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच वन प्रबंधन समिति के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हाथी के हमले के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। साथ ही विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को मिर्च जलाकर हाथी को दूर रखने का प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों के बीच मिर्चा एवं मशाल जलाने के लिए तेल, टार्च आदि का वितरण किया गया है। अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में हाथी भगाने के लिए पश्चिम बंगाल से विशेषज्ञ दल को बुलाया गया है। यह टीम काम कर रही है। मुआवजा की लंबित मामले को निपटाने के लिए विभाग कुछ ग्रामीणों को चिन्हित कर फार्म भरने आदि कार्यों का प्रशिक्षण दे रही है। ताकि नुकसान का मुआवजा यथाशीघ्र दिया जा सके। डीएफओ ने बताया कि इसके अतिरिक्त भी यदि प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर जाने या अन्य किसी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता होगी तो विभाग वह भी उपलब्ध करायेगी। मौके पर वन विभाग के कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री।

## खबर एक नजर में

### सातवीं बार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने नीरज

**मझिआंव।** मुख्य शहर के हृदयस्थली में बसे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में यंग स्टार क्लब दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बैठक की। अशोक कमलापुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। उसके पश्चात पूर्व अध्यक्ष नीरज कमलापुरी को सर्व सम्मति से सातवीं बार यंग स्टार क्लब दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वही दीपक माली, विद्यानंद उर्फ टिंकू तिवारी एवं मिथिलेश कमलापुरी उर्फ मुरल को उपाध्यक्ष बनाया गया। मनीष कुमार गुप्ता एवं धनंजय कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, पवन कुमार, विवेक सोनी एवं धनंजय सोनी को सचिव, काशीनाथ उर्फ टुकु कमलापुरी को महासचिव, गुंजन उर्फ पीयूष जायसवाल, ओम जायसवाल एवं राहुल जयसवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष सूचित कमलापुरी एवं नितेश कमलापुरी, संगठन मंत्री शिव शंकर कमलापुरी, अमित कुमार जायसवाल एवं भोला गुप्ता तथा मारुति नंदन सोनी, संजय कमलापुरी, अशोक कमलापुरी एवं उदय जॉनसन उर्फ डॉन को पूजा समिति का संरक्षक बनाया गया।


बैठक करते लोग।

### सारण में गंगा नदी में डूबकर वृद्ध की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबकर कर एक वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि देवी रोड वार्ड नंबर 14 निवासी शिव वचन महतो (70) शौच करने के लिए गंगा नदी के किनारे गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नदी के गहरे पानी में गिर गया, जिसके कारण उसकी डूबकर मौत हो गई।

### पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार में पटना जिले के चौक थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि चौक थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा (55) के घर कुछ मेहमान आये हुये थे। वह अपने मेहमानो के लिये सुबह ऑटो रिक्शा लाने के लिये गये थे। इस दौरान मंगल तालाब के समीप एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने गोली मारकर उन्हें घायल कर दिया।

### स्कूल में पढ़ते समय शिक्षक की हृदयाघात से मौत

बक्सर। बिहार के बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, नगवा में कक्षा में पढ़ाने के दौरान एक शिक्षक की हृदयाघात से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रो ने यहां बताया कि जिल के सिमरी थाना क्षेत्र के आशा पड़री गांव निवासी शिक्षक विश्वनाथ प्रसाद सोमवार को विद्यालय पहुंचे थे और छात्रों को कक्षा में पढ़ा रहे थे। इसी बीच अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह कक्षा में ही गिरकर बेहोश हो गए। तत्काल शिक्षक को इलाज के लिए सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह 2014 से मध्य विद्यालय, नगवा में पदस्थापित थे।

### यूट्यूब पर वीडियो देखकर आपरेशन करने वाला फर्जी चिकित्सक गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में यूट्यूब पर वीडियो देखकर आपरेशन करने वाले फर्जी चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने यहां बताया कि शनिवार को मोतीराजपुर गांव स्थित एक निजी अस्पताल का चिकित्सक अजीत कुमार पुरी, मढ़ौरा थाना क्षेत्र के भुवालपुर गांव निवासी चंदन साह के पुत्र कृष्णा कुमार उर्फ गोलू के पेट का आपरेशन यूट्यूब देख कर रहा था।इस दौरान उक्त किशोर की स्थिति खराब होने पर उसने स्वयं एम्बुलेंस बुलाकर किशोर को पटना भेज दिया। रास्ते में ही उक्त किशोर की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव लेकर उक्त चिकित्सक के निजी अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।

### बेगूसराय में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**बेगूसराय।** बिहार में बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाइक पर सवार दो युवक जा रहे थे। इस दौरान शालीग्रामी के समीप अज्ञात वाहन से बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

### बिजली का करंट लगने से बच्ची व महिला की मौत

**छपरा।** बिहार के सारण जिले के मांझी और कोपा थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक बच्ची और एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के मांझी थाना क्षेत्र के डुमाईगढ नया टोला गांव निवासी इंद्रजीत सहनी की पुत्री अंकिता कुमारी (05) खेलने के दौरान पंखे के पास चली गई, जिससे प्रवाहित करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### वर्षो से फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव निवासी कई वर्षों से फरार विभिन्न कांडों के अभियुक्त के घर धुरकी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। बताते चलें कि धुरकी थाना कांड संख्या 47/22 में फरार चल रहे गनियारी कला निवासी अभियुक्त धीरज सिंह पिता बालमुकुंद सिंह के घर सोमवार को इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी देते हुए एसआई सुनील कुमार रवि ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त पर हत्या व चोरी का केस दर्ज था। उसके डर से अभियुक्त कई वर्षों से फरार चल रहा था, उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाए गया है।

### दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण


वितरण करते जायंट्स सदस्य।

गढ़वा। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ के पिता की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा का वितरण किया गया। मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच गमछा का वितरण करना पुण्य का काम है। जायन्ट्स परिवार हर मौके पर जरूरत मंदो की सेवा में आगे रहता है। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व स्पेशल कामिटी सदस्य विजय केशरी, ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, उपाध्यक्ष राकेश केशरी, विनोद गुप्ता, चंदन चन्द्रवंशी, अशोक विश्वकर्मा, अरुण सोनी, मनदीप प्रसाद, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी आदि उपस्थित थे।

# कैंसर की दवा एवं नमकीन पर जीएसटी की दर घटी

▶▶ रियल एस्टेट पर गठित जीओएम ने भी रिपोर्ट सौंपी

## स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर नवंबर में फैसला : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर को 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया है, जबकि नमकीन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की गयी है। अब केंद्र और राज्य से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटीज और रिसर्च सेंटर को ग्रांट लेने पर जीएसटी नहीं चुकाना होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) और रियल एस्टेट पर गठित जीओएम ने अपनी स्थिति रिपोर्ट को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो पर स्थिति प्रस्तुत की गयी है। सीतारमण ने कहा कि 6 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 फीसदी बढ़कर 6909 करोड़ रुपये हो गया है।

सीतारमण ने राजधानी नयी दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते उक्त बातें कही। वित्त मंत्री ने आगे



कहा कि परिषद की बैठक में दो नये मंत्रियों का समूह (जीओएम) गठित किया गया है। इसमें एक जीएमओ चिकित्सा और स्वास्थ्य बीमा पर गठित किया गया है। ये जीओएम बिहार के उप-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दर युक्तिकरण जीओएम होगा लेकिन इस सीमित उद्देश्य के लिए नये सदस्यों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि हमने उनसे कहा है कि वे इस मामले को देखेंगे और अक्टूबर 2024 के अंत तक एक रिपोर्ट लेकर आयेंगे। नवंबर में होने वाली जीएसटी परिषद इस रिपोर्ट के आधार पर अंतिम निर्णय लेगी जो कि जीओएम से आयेगी। मार्च 2026 के बाद आने वाले क्षतिपूर्ति उपकर के मुद्दे पर विचार करने के लिए भी मंत्री समूह का गठन किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि आइजीएसटी (एकीकृत जीएसटी) पर अतिरिक्त सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति बनायी जाएगी। इसमें वर्तमान में असंतुलन की स्थिति है। यह राज्यों से राशि वापस लेने के तरीकों पर गौर करेगी। परिषद की 54वीं बैठक में सीतारमन के कात-साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा और मेघालय के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (विधानसभा सहित) के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा वित्त मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे।

# भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का अभाव : राहुल गांधी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा है कि भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का बहुत ज्यादा अभाव है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा है कि आरएसएस मानती है कि भारत एक विचार है। वहीं कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह हमें भी लगता है कि हर किसी की भागीदारी होनी चाहिए। हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने का हक होना चाहिए और जाति, भाषा, धर्म, परंपरा, इतिहास के किरदारों, हर किसी को अवसर मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि देश में इन्हीं दो विचारों की लड़ाई है। चुनाव में यह लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई थी। इस दौरान भारत में करोड़ों लोगों को साफ समझ में आया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस बार के लोकसभा चुनाव में देखा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने से पूर्ण बहुमत लाने में सक्षम नहीं हो पायी। उनकी राय में भारत और अमेरिका रूपी दो घरों के बीच स्वतंत्र रूप से यात्रा होनी चाहिए। आपको भारत का विचार अमेरिका में लाना चाहिए और अमेरिका के विचार भारत में लाना चाहिए। इसमें भारत-अमेरिकी समुदाय की महती भूमिका है।

### भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास-2024 का 20 वां संस्करण सोमवार को राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह सैन्य अभ्यास 9 से 22 सितंबर तक होगा। यह युद्ध अभ्यास 2004 से हर वर्ष भारत और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।

### देश में मंकीपॉक्स के दो रोगी

**नयी दिल्ली।** देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड 2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है।

### मणिपुर हिंसा की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मणिपुर में हिंसा रोकने में असमर्थ रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वहां सामान्य स्थिति बहाल करने का प्रयास होना चाहिए और हिंसा की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा ‍ हर बार यही प्रतीत होता है कि मणिपुर सामान्य स्थिति में लौट रहा है लेकिन हर दिन हिंसा में नए सिरे से वृद्धि देखने को मिलती है। रॉकेट लॉन्चर जैसे परिष्कृत हथियारों का उपयोग चौंकाने वाला और पूरी तरह से अनसुना है।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली बनारस मार्ग पर दौड़ेगी वंदे भारत

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे इस महीने वंदे भारत एक्सप्रेस के 20 कोच वाले विश्व के सबसे लंबे ट्रेन सेट का परिचालन शुरू करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की 10 नयी सेवाओं के उद्घाटन के साथ ही नयी दिल्ली वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के 20 कोच वाले नये रैक के परिचालन का शुभारंभ करेंगे।

### वियतनाम में यागी तूफान से 59 लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में सोमवार की दोपहर तक तूफान यागी के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ की चपेट में आकर 59 लोगों की मौत हो गयी और लापता हो गए। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

### बांग्लादेश में विस्फोट से 02 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में जहाज तोड़ने वाले यार्ड में विस्फोट और आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। ढाका के एक अस्पताल के रेजिडेंट फिजिशियन तारिकुल इस्लाम ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि विस्फोट के पीड़ितों में से एक की सोमवार तड़के गहन चिकित्सा इकाई (आइसीयू) में इलाज करवा रहे एक मरीज की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मरीज को 80 प्रतिशत जली हुयी अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाले से यह जानकारी दी है। इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी अमीर लोगों की वित्तीय स्थिति पर नजर रखने वाली कंपनी है।

### इजरायली हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी

**दमिश्क।** सीरिया के मध्य शहर मस्याफ में कई सैन्य ठिकानों पर किये गये इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई और 34 अन्य घायल हो गये। इससे पहले दिन में सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने उत्तर-पश्चिमी लेबनान से मध्य सीरिया में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही वायु रक्षा बलों ने कई मिसाइलों को मार गिराया।

# तीनों सेनाओं के वाइस चीफ ने तेजस में भरी उड़ान

## एयर मार्शल एपी सिंह ने सिंगल और नेवी व आर्मी के वाइस चीफ ने उड़ाया डबल सीटर फाइटर प्लेन

## जोधपुर मे युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति'

एजेंसी

**जोधपुर।** भारत की मेजबानी में हो रहे तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में सोमवार को तीनों सेनाओं के वाइस चीफ ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। युद्धाभ्यास के दौरान यह पहला अवसर था, जब तीनों सेनाओं के वाइस चीफ ने एक ही दिन तेजस उड़ाकर अपनी क्षमता दिखाई है। वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने सिंगल सीटर एलसीए तेजस लड़ाकू विमान उड़ाया, जबकि नेवी और आर्मी उप प्रमुखों ने एलसीए के ट्विन-सीटर ट्रेनर वर्जन में उड़ान भरी।

तीनों वाइस चीफ जोधपुर एयरबेस पर पहुंचे फिर ब्रीफिंग के



बाद एयरक्राफ्ट पर एक साथ पहुंचे। ग्रुप फोटो के बाद वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह तेजस के सिंगल सीटर विमान में बैठे और उड़ान भरी। नेवी और आर्मी उप प्रमुखों ने एलसीए के ट्विन-सीटर ट्रेनर वर्जन में उड़ान भरी। तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान रणनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अभ्यास में भाग लेने वाले अमेरिका सहित सात देशों के एयरफोर्स ऑफिसर और 16 से ज्यादा देशों के समक्ष भारत स्वदेशी हथियारों की नुमाइश कर रहा है। ऐसे में तीनों वाइस चीफ का तेजस में उड़ान भरना स्वदेशी लड़ाकू विमान के प्रति भरोसा दशार्ता है।

### फिर देख सकेंगे सूर्यकिरण की कलाबाजियां

वायु सेना के बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति के ओपन डे पर जोधपुर के लोगों को अपनी कलाबाजियों से मंत्रमुग्ध करने वाली सूर्यकिरण की टीम एक बार फिर आसमान में कलाबाजियां दिखाएगी। सूर्यकिरण टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जोधपुर के लोगों के उत्साह को सलाम करते हुए घोषणा की है कि वे 12 सितंबर को एक बार फिर मिलेंगे। आसमान में तिरंगा बनाने का कौशल दिखाने वाली टीम ने लिखा है-इतने अविश्वसनीय दर्शक बनने के लिए जोधपुर को धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और जोश ने इस अनुभव को अविस्मरणीय बना दिया। 12 सितम्बर को फिर मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को टीम के प्रदर्शन के दौरान मौसम में बदलाव के चलते टीम कुछ फॉर्मेशन का प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### डिफेंस एक्सपो 12 सितंबर से

तरंग शक्ति में 12 सितंबर से डिफेंस एक्सपो शुरू होगा, जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड व लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है। साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। अमेरिका के अलावा छोटे देशों के लिए भारत हथियार निर्यात की संभावनाएं तलाश रहा है।

# फारूक अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने का संकल्प लिया, भले ही इसमें कई साल लग जायें

एजेंसी

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज है और उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती राज्य के विशेष प्रावधान को निश्चित रूप से बहाल किया जाएगा भले ही इसमें कई साल लग जाएं। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब तक भाजपा वहां है अनुच्छेद 370 को बहाल करना असंभव है। अब्दुल्ला ने बारामूला जिले में संवाददाताओं से कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्हें (भाजपा को) इसे रद्द करने में कितने साल लगे? हमें इसे बहाल करने में कई साल लग सकते हैं



लेकिन हम इसे निश्चित रूप से बहाल करेंगे। यह पूरे जम्मू-कश्मीर की आवाज है और यह लोगों की आवाज है। जम्मू क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों का जिक्र करते हुए एनसी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने दावा किया था कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का मूल कारण है लेकिन इसके निरस्त होने के बाद भी हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे कह रहे थे कि अनुच्छेद 370 के कारण आतंकवाद है और मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि फिर यह आतंकवाद कहां से आ रहा है? उन्हें जवाब देने दीजिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए नई दिल्ली जिम्मेदार है। विमान आइसी814 के अपहरण के लिए कौन जिम्मेदार है जिसे कंधार ले जाया गया? जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर जैसे लोग जो वहां हैं और अब चीजों को चला रहे हैं। मैंने उनसे कहा था कि उन्हें (आतंकवादियों को) न छोड़ें लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। यहां जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए नई दिल्ली जिम्मेदार है। कांग्रेस नेता विकार रसूल वानी की टिप्पणी के बारे में एक सवाल पर कि एनसी ने लोगों का खून चूसा है अब्दुल्ला जिनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन में है ने कहा कि इससे गठबंधन प्रभावित नहीं होगा।

### पीएम किसान मानधन योजना में 23 लाख से अधिक कृषक शामिल

**नयी दिल्ली।** छोटे और सीमांत किसानों की पेंशन के लिए आरंभ की गयी प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में अभी तक 23 लाख 38 हजार से अधिक कृषक शामिल हो चुके हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण योजना ने सोमवार को यहां बताया कि छह अगस्त तक 23.38 लाख किसान प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में शामिल हो चुके हैं। इस योजना में बिहार 3.4 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ सबसे आगे है जबकि झारखंड 2.5 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ दूसरे स्थान पर है।

### शाह संसदीय राजभाषा समिति के दोबारा अध्यक्ष चुने गये

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोमवार को सर्वसम्मति से पुनः संसदीय राजभाषा समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि नई सरकार के गठन के पश्चात संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए यहां समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वर्ष 2019 से 2024 के दौरान भी श्री शाह समिति के अध्यक्ष थे। गृह मंत्री ने सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर संसदीय राजभाषा समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिल्ली में पटाखे पर प्रतिबंध करने पर व्यापारियों में रोष: पम्मा


**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी में अगले वर्ष 01 जनवरी तक पटाखे की बिक्री और चलने पर रोक को लेकर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने गहरी नाराजगी जताई है। श्री पम्मा ने कहा नेताओं की रैलियां में वह हर जगह पटाखे चला सकते हैं, मगर जब दीपावली या अन्य त्योहार आते हैं तो पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इसको लेकर व्यापारियों में काफी रोष है। जबकि अन्य राज्यों से दिल्ली में पटाखे लाकर खुलेआम चलाए जाते हैं।

### एससी ने इजरायल को हथियारों की आपूर्ति रोकने की याचिका की खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत से इजरायल को हथियार आपूर्ति रोकने की मांग को लेकर भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) के पूर्व अधिकारियों समेत कई सामाजिक कार्यकताओं के एक समूह की ओर से दायर रिट याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह मुद्दा विदेश नीति के दायरे में आता है और केंद्र सरकार को किसी भी देश को कोई सामग्री का निर्यात रोकने का निर्देश देना इस अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# अपने जन्मदिन के मौके पर अक्षय ने फिल्म 'भूत बंगला' का किया ऐलान

**नयी दिल्ली।** डायरेक्टर प्रियदर्शिन ने 'हेराफेरी', 'फिर हेरा फेरी', 'भागम भाग', 'भूल भुलैया', 'खट्टा मीठा' जैसी सुपरहिट कॉमेडी फिल्में दी हैं। दर्शकों को हंसाने वाली प्रियदर्शन की फिल्मों में एक एक्टर जरूर आता है अक्षय कुमार। हालांकि, साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'खट्टा मीठा' के बाद इस जोड़ी की कोई नई फिल्म नहीं आई। दर्शक इन दोनों की नई फिल्म के लिए उत्सुक थे। आखिर इंतजार खत्म हुआ। प्रियदर्शन-अक्षय 14 साल बाद साथ आ रहे हैं और आने वाली फिल्म 'भूत बांग्ला' की घोषणा हो गई है। अक्षय कुमार का जन्मदिन है। इस मौके पर फिल्म 'भूत बांग्ला' का मोशन पोस्टर रिलीज



किया गया है। इस पोस्टर में अंधेरी रात, चांद, पुराना महल और दूध चाटते अक्षय कुमार को देखा जा सकता है। उनके कंधे पर एक काली बिल्ली बैठी नजर आ रही है। इस पोस्टर ने सभी का ध्यान खींचा है। अक्षय कुमार का नया लुक भी फैंस को काफी पसंद आया है। इस तरह 14 साल बाद अक्षय कुमार-प्रियदर्शन की जोड़ी हॉरर कॉमेडी के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार-प्रियदर्शन की 'भूत बांग्ला' क्रिसमस 2025 में रिलीज होगी। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

फिल्म को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में अक्षय के साथ और कौन से कलाकार नजर आएंगे? मुख्य अभिनेत्री कौन होगी? जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। अक्षय-प्रियदर्शन की 'भूल भुलैया' फिल्म मशहूर है। 'भूत बांग्ला' यह इतिहास दोहराएगी या नहीं यह तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

# आबू धाबी के युवराज नाह्यान ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्हें संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व की तीसरी पीढ़ी का राष्ट्रपति भवन में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह उच्च स्तरीय जुड़ाव की उस लंबी परंपरा को जारी रखती है जो संयुक्त अरब अमीरात के साथ



भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप है। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण पिछले एक दशक में हमारे ऐतिहासिक लेकिन दूरदर्शी द्विपक्षीय संबंधों में बदलाव आया है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि युवराज की यात्रा के दौरान, हमने सहयोग के नए क्षेत्रों में कई समझौतों के माध्यम से इस साझेदारी का और विस्तार किया है। राष्ट्रपति अमीराती समाज के सभी पहलुओं में महिलाओं की भागीदारी और योगदान को देखकर भी प्रसन्न थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने प्रदर्शित किया है कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अधिक प्रभावी परिणाम दे सकता है।

**खास बातें** : श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में 35 लाख से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं, जिससे लोगों का आपसी संबंध इस रिश्ते का आधार बनता है। उन्होंने उनके कल्याण को सुनिश्चित करने, विशेष रूप से कोविड महामारी के कठिन समय के दौरान की गई विशेष देखभाल के लिए संयुक्त अरब नेतृत्व की सराहना की। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात में समन्वित और बहुसांस्कृतिक विरासत वाले समाज हैं, और महात्मा गांधी तथा महामहिम शेख जायद द्वारा दिखाए गए शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग हमारे राष्ट्रीय चरित्र में गहराई से समाहित है।







